




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 14 अंक - 256 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 29 जून 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## छत्तीसगढ़ के महुआ की महक पहुंचने लगी देश-विदेश तक, मिल रहा अतिरिक्त मुनाफा और रोजगार

### राज्य में फूड ग्रेड महुआ फूल के संग्रहण में मनेन्द्रगढ़ वनमंडल रहा प्रथम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में संग्रहित फूड ग्रेड महुआ फूल को राज्य लघुवनोंपज संघ द्वारा विदेश में विपणन करने की महत्वपूर्ण योजना है। इसके माध्यम से महुआ फूल से अतिरिक्त लाभ मिलता है। उल्लेखनीय है कि राज्य में वर्ष 2023-24 में संग्रहित 694.94 क्विंटल फूड ग्रेड महुआ फूल में से 503.65 क्विंटल फूड ग्रेड महुआ फूल का संग्रहण केवल मनेन्द्रगढ़ वनमंडल द्वारा किया गया है। इस तरह वनमंडल मनेन्द्रगढ़ फूड ग्रेड महुआ फूल संग्रहण कार्य में छत्तीसगढ़ में इस वर्ष प्रथम रैंक पर रहा।

छत्तीसगढ़ में महुआ फूल की अपनी गुणवत्ता और राज्य सरकार द्वारा दी जा रही नई तकनीक आदि की सुविधा से इसकी महक अब देश-विदेश तक पहुंचने लगी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में राज्य में वनवासियों को लघुवनोंपजों के संग्रहण से लेकर प्रसंस्करण आदि कार्यो से संग्राहकों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने निरंतर प्रयास हो रहे है। इस कड़ी में फूड ग्रेड महुआ फूल का संग्रहण बहुत लाभदायी है।

वनमंडलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला यूनियन मनेन्द्रगढ़ की प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति भौंता, बेलबहरा, घुटरा, कछौड़, केल्हारी, बेलगांव,



जुनंवा एवं माड़ीसरई के अंतर्गत फूड ग्रेड महुआ फूल (कच्चा महुआ) का नेट के माध्यम से संग्रहण कराया गया । संग्राहकों से 10.00 रु. प्रति किलोग्राम की दर से 503.65 क्विंटल कच्चा महुआ फूल संग्रहित किया गया है। संग्रहण उपरांत महुआ फूल सोलर ड्रायर के माध्यम से सुखाया गया । महुआ फूल के संग्रहण पारिश्रमिक के रूप में संग्राहकों को 5 लाख 3 हजार 650 रूपए का भुगतान किया गया। सोलर ड्रायर में सुखाकर प्रसंस्करण के उपरांत कुल 99.60 क्विंटल (ए ग्रेड- 78.30 क्विंटल एवं बी ग्रेड-21.30 क्विंटल) फूड ग्रेड महुआ फूल प्राप्त हुआ । उक्त कच्चा महुआ फूल का प्रसंस्करण कार्य वन धन विकास केन्द्र जनकपुर एवं कठौतिया अंतर्गत स्व-सहायता समूह के 20-20 महिलाओं सदस्यों द्वारा संपन्न किया गया है। समूह की महिलाओं को माह अप्रैल से मई 2023 के मध्य 60 दिवस का रोजगार प्रदाय किया गया। महिलाओं को प्रतिदिन 200 रूपये की दर से पारिश्रमिक भुगतान किया गया है। प्रसंस्करण उपरांत प्राप्त महुआ फूल ए एवं बी ग्रेड का बोरा भर्ती उपरांत एक्वाफुड एंड फोल्ड स्टोरेज, बिलासपुर बायपास, रिंग रोड नंबर 03 विधानसभा रोड गिरौद रायपुर में सुरक्षित भंडारण कराया गया है ।

फूड ग्रेड महुआ फूल को सुखाने से 5 किलोग्राम महुआ फूल से 1 किलोग्राम सुखा महुआ फूल प्राप्त होता है। इस प्रकार सुखा महुआ का खरीदी दर 50 रूपए प्रति किलोग्राम प्राप्त हुआ जबकि बाजार में सूखा महुआ फूल की खरीदी दर 30 से 35 रूपए प्रति किलोग्राम था। इस तरह फूड ग्रेड महुआ फूल संग्रहण से हितग्राहियों को अतिरिक्त लाभ प्राप्त हुआ। साथ ही महुआ पेड़ों के नीचे नेट बांधकर महुआ फूल संग्रहण करने पर तेज गर्मी के मौसम मे एक-एक महुआ फूल एकत्र करने के मेहनत से संग्राहक बच गये। महुआ फूल का संग्रहण आसान हो गया।

## खास - खबर

### जिंदा पेंगोलिन की तस्करी करते तीन तस्कर गिरफ्तार, 15 लाख बताई जा रही कीमत

**कांकेर ।** जिले के कापसी वन परिक्षेत्र अंतर्गत जिंदा पेंगोलिन की तस्करी करते पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के तीन आरोपियों को वन विभाग ने धर दबोचा है। जिसका वजन 11 किलो 500 ग्राम है और अनुमानित कीमत 15 लाख रुपए है। एसडीओ सुरेश कुमार पिपरे ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कापसी वन विभाग के पेंगोलिन कि तश्करी कर रहे तीन तश्कर को पकड़ लिया है, तीनों आरोपियों के कब्जे से 11 किलो 500 ग्राम वजन के एक जिंदा पेंगोलिन जब्त किया गया है। तीनों आरोपी दलसु देवसाई कोवा, अशोक धसरू कोटावी, नरेश बालाजी में श्राम गढ़चिरौली महाराष्ट्र के निवासी हैं। पखांजुर के मटोली चौक से वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़ा है। पेंगोलिन को पशु चिकित्सा अधिकारी के द्वारा स्वास्थ्य जांच किया गया है। उसे कल वन परिक्षेत्र में छोड़ दिया जाएगा।

### नक्सलियों ने दो ग्रामीणों को उतारा मौत के घाट, 15 लोगों का किया था अपहरण


**सुकमा।** सुकमा में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने ताड़मेटला पंचायत के उप सरपंच माड़वी गंगा और शिक्षादूत कवासी सुक्का की हत्या की है। पुलिस मुखबिर के आरोप में नक्सलियों ने इनकी हत्या की है। बता दें कि नक्सलियों ने करीब 10 दिन पहले उप सरपंच समेत 15 ग्रामीणों का अपहरण किया था।

## कांग्रेस का बड़ा दांव : डिप्टी सीएम बनाए गए टीएस सिंहदेव, बोले- जरूर मिलेगी सफलता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव प्रदेश के डिप्टी सीएम बनाए गए हैं। कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बुधवार देर शाम इसकी घोषणा की है। इससे पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के साथ बैठक के बाद टीएस सिंहदेव ने मीडिया से चर्चा में कहा था कि प्रदेश में मुख्यमंत्री बदलने का अभी कोई सवाल नहीं है। टीएस सिंहदेव को डिप्टी सीएम बनाए जाने पर सीएम भूपेश बघेल ने उन्हें बधाई दी है। टीएस सिंहदेव को छत्तीसगढ़ का उपमुख्यमंत्री बनाए जाने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि हैं तैयार हम. महाराज साहब को उपमुख्यमंत्री के रूप में दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि प्रदेश में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। 2018 में हुए विधानसभा के चुनावों में कांग्रेस ने विधानसभा की 90 में से 68 सीटों पर जीत हासिल की थी। वहीं 15 साल तक सत्ता में काबिज रही बीजेपी 15 सीटों पर ही सिमट गई थी। जीत के बाद कांग्रेस ने भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री बनाया था। सीएम बघेल के कुर्सी पर काबिज होते ही कई बार भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव के बीच अनबन की खबरें आती रहीं। ऐसे में चुनाव से पहले टीएस सिंह देव को डिप्टी सीएम बनाकर कांग्रेस ने बड़ा दांव चल दिया है।



### सिंहदेव का सियासी सफर

टीएस सिंहदेव ने अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत भले ही नगर पालिका अध्यक्ष पद से की हो, लेकिन सरगुजा राजपरिवार से होने के नाते उनकी राजनैतिक हैसियत इससे कहीं अधिक रही। टीएस सिंहदेव के पिता एमएस सिंहदेव मध्यप्रदेश में मुख्य सचिव और बाद में योजना आयोग के उपाध्यक्ष रहे। उनकी मां देवेंद्र कुमारी सिंहदेव मध्यप्रदेश में दो बार मंत्री रहीं। तब कहा जाता था कि सरगुजा के लिए मुख्यमंत्री राजपरिवार ही है। छत्तीसगढ़ गठन के बाद जोगी की सरकार बनी तो सरगुजा राजपरिवार हासिये पर चला गया। तत्कालीन मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने उपेक्षा के बीच चुनाव के कुछ माह पूर्व टीएस सिंहदेव को वित्त आयोग का पहला अध्यक्ष नियुक्त किया। वर्ष 2008 में परिसीमन के बाद अंबिकापुर सीट सामान्य हुई तो टीएस सिंहदेव ने अपना पहला चुनाव 980 मतों के मामूली अंतर से जीता। दूसरे चुनाव में जीत का अंतर 19400 एवं तीसरे चुनाव में करीब 40 हजार तक पहुंच गया। वर्ष 2013 से 2018 तक वे नेता प्रतिपक्ष रहे, जो टीएस सिंहदेव के लिहाज से बेहतर कार्यकाल कहा जा सकता है। त्रिभुवनेश्वर शरण सिंहदेव यानी टीएस सिंह देव का सरगुजा राजघराने से नाता है। वह इस राजघराने के 118वें राजा हैं। लोग उन्हें टीएस बाबा कहकर बुलाते हैं। उन्हें पसंद नहीं कि लोग उन्हें राजा साहेब कहकर पुकारें। सरगुजा राजघराने की गई पीढ़ियां कांग्रेस से जुड़ी हैं।

### सिंहदेव का कई प्रदेशों से नाता

1952 में प्रयागराज में जन्मे टीएस सिंहदेव ने भोपाल के हमीदिया कॉलेज से एमए इतिहास की पढ़ाई की लेकिन छत्तीसगढ़ से राजनीति की शुरुआत की। वह 1983 में अंबिकापुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष चुने गए और यहीं से उनका राजनीति सफर शुरू हुआ। हालांकि वह वर्तमान में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री हैं। पिछले दिनों उन्होंने पंचायत मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, हालांकि उन्होंने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा और जीएसटी विभाग का कार्यभार नहीं छोड़ा।

### सबसे अमीर विधायक हैं टीएस सिंहदेव

साल 2013 में जब मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और मिजोरम में विधानसभा चुनाव हुए थे, तब भी टीएस सिंह देव सबसे अमीर विधायक थे. शपथपत्र के मुताबिक तब उन्होंने बताया था कि उनके पास 514 करोड़ रुपये की संपत्ति है। डिप्टी सीएम का पद सौंपे जाने के बाद पहली बार टीएस सिंहदेव ने मीडिया से बातचीत की और कहा कि संगठन और सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे। नए रूप में काम करने का मौका मिला है। मिलकर काम करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी।

## भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए नंदकुमार साय को मिला कैबिनेट मंत्री का दर्जा



श्रीकंचनपथ न्यूज

### छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के बनाए गए अध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने वरिष्ठ आदिवासी नेता नंद कुमार साय को विधानसभा चुनाव से महज चार महीने पहले उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। साय को छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इतना ही नहीं भूपेश सरकार ने साय को कैबिनेट मंत्री का दर्जा भी दिया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साय को नए दायित्व के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है। बीजेपी छोड़कर कांग्रेस ज्वॉइनिंग करने के बाद से ही साय को कांग्रेस में बड़ी जिम्मेदारी देने की बातें लगातार सामने आ रही थी। इसके बाद आज उन्हें ये जिम्मेदारी दी गई है।

सीएम ने ट्वीट कर लिखा कि छत्तीसगढ़ शासन ने नन्द कुमार साय को छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्हें राज्य सरकार द्वारा कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साय को नए दायित्व के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।






## सावन के पहले सोमवार को भोरमदेव मंदिर के लिए 16 किमी लंबी पदयात्रा, 10 हजार लोग होंगे शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम।** कबीरधाम स्थित प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर तक हर साल सावन महीने के प्रथम सोमवार को पदयात्रा का आयोजन किया जाता है। यह पदयात्रा पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है। पदयात्रा में कई बड़े हस्ती हिस्सा लेते हैं। करीब 16 किमी लंबी इस पदयात्रा में 10 हजार से अधिक लोग शामिल होते है। इस साल पदयात्रा सावन के पहले सोमवार पर 10 जुलाई को निकाली जाएगी। भोरमदेव पदयात्रा सुबह 7 बजे कवर्धा के बूढ़ा महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर भोरमदेव मंदिर तक होगी। इस आयोजन को लेकर तैयारी शुरू हो गई है।



कलेक्टर जनमेजय महोबे की अध्यक्षता में भोरमदेव मंदिर परिसर में पदयात्रा की तैयारियों एवं व्यवस्था के संबंध में भोरमदेव सनातन तीर्थ ट्रस्ट कबीरधाम के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, सर्व अध्यक्ष क्लब, संघ एवं अधिकारियों की बैठक हुई। कलेक्टर ने कहा कि इस वर्ष पदयात्रा में अधिक संख्या में श्रद्धालु आने की संभावना है। इसके लिए सभी तैयारी पूर्व ही कर ली जानी चाहिए। उन्होंने शांतिपूर्ण तारिके से आपसी समन्वय के साथ इस पदयात्रा को संपन्न करने का आग्रह नागरिकों से किया है।

उन्होंने कहा कि आयोजन के संबंध में पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, पदयात्रा के रास्ते में पड़ने वाले ग्राम पंचायतों द्वारा रास्ते की साफ-सफाई एवं स्वागत द्वार बनाने, पेयजल, सुलभ शौचालयों की साफ-सफाई, रास्ते में जगह-जगह आपात चिकित्सा व्यवस्था, डीजे व्यवस्था और पदयात्रियों के लौटने के लिए निःशुल्क बसों की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई।

## नूडल खाने से बिगड़ी हालत, भाई-बहन की मौत, घटना के बाद बेसुध हुई बच्चों की मां

**सोनीपत (एजेंसी)।** सोनीपत में वेस्ट रामनगर स्थित मायापुरी कॉलोनी में रात को नूडल्स खाने से एक परिवार के दो बच्चों की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने देर रात दोनों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां पर भाई-बहन की मौत हो गई। घटना के बाद बच्चों की मां की हालत भी बिगड़ गई। साथ ही उनके बड़े भाई को भी एहतियातन अस्पताल में उपचार दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



मायापुरी कॉलोनी निवासी भूपेंद्र के परिवार ने बुधवार रात को पराठे और बाद में नूडल्स खाए थे। नूडल्स पड़ोस की एक दुकान से खरीदे गए थे। रात को सभी खाना व नूडल्स खाकर सो गए। देर रात करीब एक बजे परिवार की बेटी हेमा (7) व बेटे तरुण (5) की हालत बिगड़ गई। जिस पर दोनों बच्चों को नागरिक अस्पताल सोनीपत में भर्ती कराया गया। वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत में सुधार नहीं होने पर दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## डायपर पहनकर नौकरी करती महिलाएं

श्रीकंचनपथ




क्या दुनिया में कोई नौकरी ऐसी हो सकती है जहां महिलाओं को प्रतिदिन अपनी ड्यूटी पर एडल्ट डायपर पहनकर जाना पड़े? जी हां! आपने सही पढ़ा। भारतीय रेलवे में काम करने वाली अधिकांश महिला लोकोपायलट डायपर पहनकर काम पर जाती हैं। इसकी वजह भी साफ है। भारतीय रेलवे अब तक अपनी 12000 से भी ज्यादा रेल इंजनों में से केवल 120 में ही टॉयलेट प्रदान कर पाई है। शेष ट्रेनों में न तो टायलेट हैं और न ही पानी। सुविधा विहीन ट्रेनों के पायलट और केबिन क्रू 9 घंटे या उससे भी ज्यादा समय तक बिना टायलेट सुविधा के ही अपनी ड्यूटी करते हैं। पुरुष लोको पायलट भी इसी समस्या से जूझते हैं। जिन ट्रेनों के इंजन में टायलेट नहीं होता, वे स्टेशनों पर ट्रेन के रूकते ही दौड़ कर निकटस्थ बोगी के टायलेट में जाते हैं और भाग कर वापस आते हैं। सुविधा हुई तो स्टेशन के टॉयलेट का भी इस्तेमाल कर लेते हैं। टायलेट में पहले से ही कोई गया हुआ हो तो वैसे ही लौट आना पड़ता है, क्योंकि ट्रेन को रोकना या चलाना उनकी मर्जी पर निर्भर नहीं होता। सुपरफास्ट ट्रेनें घंटों बिना रुके चलती हैं। स्टेशनों पर हाल्ट भी केवल 2 मिनट का होता है। हालांकि विशेष परिस्थितियों में टायलेट ब्रेक लिया जा सकता है पर महिलाएं इससे भी बचने की कोशिश करती हैं। भारत के कुल 65000 लोको पायलटों में से 1350 महिलाएं हैं। टायलेट की परेशानी से बचने के लिए इनमें से अधिकांश न केवल पानी कम पीती हैं बल्कि डायपर पहनकर काम पर जाती हैं। गर्म परिवेश में काम करने और पानी कम पीने के कारण इन्हें यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई), किडनी स्टोन समेत अन्य स्वास्थ्यगत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पीरियड्स के दौरान भी उन्हें पैड बदलने में काफी परेशानी होती है। यही वजह है कि भारतीय रेलवे में लोको पायलट भरती होने वाली महिलाएं भी डेस्क जॉब करना पसंद करती हैं। परेशानियां लोको पायलटों के जीवन का हिस्सा हैं। लगातार 9 या उससे भी अधिक घंटों तक लगातार एकाग्रता के साथ काम करने के कारण लोको पायलट्स को मानसिक एवं शारीरिक दबाव से भी गुजरना पड़ता है। एक छोटी सी चूक पर उसे अपनी नौकरी से ही हाथ धोना पड़ सकता है। 2016 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने रेलवे से सभी रेल इंजनों में टायलेट, पेयजल और वातानुकूलन का प्रबंध करने को कहा था पर अब तक वंदेभारत समेत केवल 200 इंजनों में ही यह सुविधा दी जा सकी है। दरअसल, जब भी ट्रेनों की बात होती है तो विषय ट्रेन की स्पीड, यात्रियों की सुविधा और आराम पर केन्द्रित हो जाती है। उन लोगों की तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता जो इतनी सारी जिंदगियों को लेकर पटरियों पर दौड़ रहे होते हैं। इनकी जरा सी चूक हजारों रेल यात्रियों के जान-माल को खतरे में डाल सकती है। इस दिशा में युद्ध स्तर पर काम होना चाहिए।




## संपादकीय

# शेयर से टमाटर तक

दुनिया में इन दिनों आर्थिक स्थिति कुछ सुधरी है, जिसका असर विश्व के ज्यादातर शेयर बाजारों पर पड़ने लगा है। बुधवार को भारतीय शेयर बाजारों में भी रिकॉर्ड तेजी देखी गई है। सेंसेक्स जहां 64,000 अंकों तक पहुंच गया, तो वहीं निफ्टी भी पहली बार 19,000 अंकों के पार चढ़ गया। वास्तव में, अमेरिका और यूरोप की अर्थव्यवस्थाएं भी कुछ संभली हैं, वहीं चीन ने भी अपने यहां अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए प्रोत्साहन का सहारा लिया है, जिसके चलते भारत में भी शेयर कारोबार में तेजी आ गई है। भारत में आंतरिक संकेत भी अच्छे हैं। देश की कुछ दिग्गज कंपनियां अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं, इसके अलावा एचडीएफसी बैंक से जुड़े बड़े विलय से भी शेयर बाजार में हलचल बढ़ी है। शेयर बाजार की बढ़त को बुनियादी रूप से चौतरफा प्रेरणा मिल रही है। विदेशी संस्थागत निवेशकों का विश्वास भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़ा है। अमेरिका से और बेहतर होते रिश्ते व भारत की बढ़ती अहमियत की भी अपनी भूमिका है। भारतीय कंपनियों को कोशिश करनी चाहिए कि आने वाले दिनों में शेयर बाजार की बढ़त जारी रहे। अभी पांच महीने पहले ही हिंडनबर्ग की सनसनीखेज रिपोर्ट के बाद भारतीय शेयर बाजार बुरी तरह प्रभावित हुए थे। तब सेंसेक्स 59,300 अंकों तक गिर गया था। आज अगर मुंबई शेयर बाजार का सूचकांक 64 हजार के ऊपर है, तो भारतीय कंपनियों को सबक लेना चाहिए। भारतीय शेयर बाजार कहीं से भी जुए का अड्डा न रहें, पूरी चाक-चौबंद निगरानी के साथ कंपनियों को अपना कारोबार करना चाहिए, ताकि विदेशी निवेशकों का भी भारतीय बाजार पर विश्वास दृढ़ रहे। आज भारत को अपने विकास को गति देने के लिए निवेश की बहुत जरूरत है। एक्सचेंज डाटा के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 2,024.05 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। मतलब, पैसे ने भारत की ओर फिर रुख कर लिया है और यह रुझान बने रहना चाहिए। भारत को अगर विकसित देश बनना है, तो उसकी कम से कम पांच सौ कंपनियों को विश्वसनीयता के साथ बेहतर प्रदर्शन करना पड़ेगा। जिन कंपनियों के शेयर आज बाजार में बढ़त के बावजूद नीचे हैं, उन्हें विचार करना चाहिए। सरकारी या अर्द्ध-सरकारी उद्यमों को अपनी हालत पर गंभीरता से गौर करना चाहिए। ऐसा हो नहीं सकता कि निजी कंपनियां चांदी काटें और सार्वजनिक क्षेत्र की ज्यादातर कंपनियों के शेयर लाल नजर आएं। बहरहाल, बाजार की बात चल रही है, तो टमाटर की चर्चा से कैसे बचा जा सकता है! इस देश में टमाटर की कीमत दस रुपये से बीस रुपये प्रति किलोग्राम होनी चाहिए, लेकिन गरमी, बारिश और बाजार का खेल ऐसा है कि टमाटर की कीमत 80 रुपये के पार चली गई है और कहीं-कहीं तो सौ रुपये में भी एक किलोग्राम टमाटर नहीं मिल रहा है। मौसम ऐसा है कि टमाटर ही नहीं, अन्य सब्जियों के दाम में भी बढ़त का रुख है। तमिलनाडु में तो सरकार टमाटर को उचित कीमत पर बेचने का जतन कर रही है। आने वाले दिनों में सभी सरकारों को सजग रहना होगा, ताकि टमाटर के भाव अतार्किक रूप से बढ़ न पाएं। कारोबारी यह संकेत दे रहे हैं कि आने वाले दिनों में टमाटर की उपलब्धता कम रह सकती है और कीमतों में और बढ़ोतरी हो सकती है, अत: जैसे शेयर बाजार में आम निवेशकों को सावधानी से निवेश करना चाहिए, वैसे ही सब्जियों के बाजार में भी लोगों को महंगी चीजों से बचते हुए जरूरत के हिसाब से खर्च करना चाहिए।

> “ सरकारी या अर्द्ध-सरकारी उद्यमों को अपनी हालत पर गंभीरता से गौर करना चाहिए। ऐसा हो नहीं सकता कि निजी कंपनियां चांदी काटें और सार्वजनिक क्षेत्र की ज्यादातर कंपनियों के शेयर लाल नजर आएं। बहरहाल, बाजार की बात चल रही है, तो टमाटर की चर्चा से कैसे बचा जा सकता है!

## चालाकियों के डेरे, न मेरे-न तेरे

एक दिन शेरनी ने शेर से कहा कि वह अपने बदबूदार मुंह का इलाज करवाये। शेर को शर्म महसूस हुई तो उसने इस तथ्य को जांचने का निर्णय किया। सबसे पहले उसने एक भेड़ को बुलाकर पूछा- क्या मेरे मुंह से बदबू आ रही है? भेड़ ने ईमानदारी से कहा- हां महाराज! आपके मुंह से तो सचमुच बदबू आ रही है। शेर को भेड़ के जवाब पर गुस्सा आया और उसी क्षण उसे मार कर खा गया। अगले दिन शेर ने लोमड़ी को बुलाकर वही सवाल किया। लोमड़ी चालाक थी। वह दो पल तो चुप रही फिर जवाब दिया- महाराज! सख्त जुकाम के कारण मेरी तो नाक बंद है, मैं आपके सवाल का जवाब देने में असमर्थ हूं। उसकी चुप्पी और चालाकी ने लोमड़ी की जान बचाई।

यह लोककथा तो बरसों पुरानी है पर इससे मिली सीख हर छोटे-बड़े ने अपनी गांठ में बांध रखी है। संवाद के क्षणों में ये लोग मुंह में दही जमा कर बैठ जाते हैं या बगलें झांकने लगते हैं। चाटुकार कभी हवा के खिलाफ जाने की सोच भी नहीं सकता। वह हमेशा हवाओं के रुख के साथ दिशा बदलता है।

प्रेमियों का मनपसन्द एक फिल्मी गीत है- जो तुमको हो पसंद वही बात करेंगे। तुम दिन को अगर रात कहो, रात कहेंगे। अब इस गीत को गुनगुनाने की फुर्सत कहां, अब उनके मन की बात न हो तो बात 35 टुकड़ों तक जा पहुंचती है। अब तो यह गाना सिर्फ जी-हुजूरी करने के काम आता है। दरअसल चाटुकारिता एक जबरदस्त स्किल है, पर ताज्जुब यह है कि इस स्किल का कोई प्रशिक्षण नहीं लेता, जीते-जीते खुद-ब-खुद आ जाती है। और वैसे भी खरी बात बोलने के लिये कलेजा चाहिये, तलवे चाटने का काम तो सिर्फ जीभ से किया जा सकता है। चाटुकार लोग अगर अपनी मेडिकल जांच करवायें तो उनकी रीढ़ की हड्डी गायब ही मिलेगी। जहां चालाकियों के डेरे होते हैं वहां लोग मेरे मुंह पर मेरे और तेरे मुंह पर तेरे होते हैं। चापलूसी के सिक्के हर युग में चलते हैं और जब तक यह धरा रहेगी इन सिक्कों की खनक बरकरार रहेगी। पर कहावत है कि वैद्य और वजीर यदि हां में हां मिलाने लग जायें तो सर्वनाश सुनिश्चित है।

**-शमीम शर्मा**

## कटिंग-एज तो नहीं

रणनीतिक क्षेत्र में भारत में अमेरिकी नौसैनिक बेड़ों को मरम्मत की सुविधा देने पर बनी सहमति को एक अहम घटना समझा जाएगा। इसका अर्थ है कि भारत ने अमेरिकी सेना के अभियानों में अपनी जमीन का इस्तेमाल करने की इजाजत देने की शुरुआत कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका दौरे का प्रतीकात्मक या मोदी के लिए राजनीतिक महत्त्व चाहे जो हो, लेकिन इससे भारत को तकनीक या आर्थिक क्षेत्र में कोई लाभ हुआ, यह कहने का कोई ठोस आधार नहीं है। रणनीतिक क्षेत्र में भारत में अमेरिकी नौसैनिक बेड़ों को मरम्मत की सुविधा देने पर सहमति बनी, उसे जरूर एक अहम घटना समझा जाएगा। इसका अर्थ यह है कि भारत ने अमेरिकी सेना के अभियानों में अपनी जमीन का इस्तेमाल करने की इजाजत देने की शुरुआत कर दी है। लेकिन जीई और एचएएल कंपनियों के बीच हलके लड़ाकू विमानों के इंजन को साझा तौर पर बनाने का करार उतनी बड़ी बात नहीं है, जितना भारतीय मीडिया में बताया गया है। हलके लड़ाकू विमान के इंजनों को बनाने के लिए करार के साथ जीई कंपनी ने जो बयान जारी किया, खुद उसमें उल्लेख है कि इन दोनों कंपनियों के बीच साझा उत्पादन 1986 से चल रहा है। इसके तहत जीई-404 इंजनों का निर्माण एक दशक से पहले ही किया जा चुका था। इस बार ये कंपनी बौद्धिक संपदा भी साझा करेगी, इसका कोई जिक्र उस बयान में नहीं है। तो इस समझौते को अधिक से अधिक पहले से जारी व्यापारिक सहयोग में एक प्रगति भर कहा जा सकता है। तीन बिलियन डॉलर के खर्च से भारत ने जिन एमक्यू रीपर ड्रोन्स को खरीदने का फैसला किया है, उनके बारे में रक्षा विशेषज्ञों ने कहा है कि उनमें मौजूद तकनीक पुरानी पड़ चुकी है।

> “ राज्य चुनाव आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, कुल सीटों में से करीब 12 फीसदी उम्मीदवार इस बार निर्विरोध जीत गए हैं। वर्ष 2018 के हिंसक पंचायत चुनाव में तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार करीब 34 फीसदी सीटों पर निर्विरोध जीत गए थे। तब भी विपक्ष ने चुनावी धांधली का आरोप लगाते हुए अदालत की शरण ली थी, लेकिन हुआ कुछ नहीं। सवाल उठ रहा है कि क्या ताजा हिंसा सत्तारूढ़ तृणमूल की कमजोर होती पकड़ का नतीजा है?

# बंगाल की साख पर बार-बार बट्टा

प्रभाकर मणि तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार



पश्चिम बंगाल राजनीतिक हिंसा से फिर लहूलुहान और तनावग्रस्त है। अगले महीने 8 जुलाई को वहां पंचायत चुनाव के लिए मतदान होने हैं। वहां 11 से ज्यादा लोग नामांकन चरण पूरा होने से पहले ही मारे जा चुके हैं, कई लोग घायल हुए हैं, जिससे राज्य में सियासी दलों के बीच परस्पर अविश्वास फिर चरम पर पहुंच गया है। हिंसा की यह स्थिति देखकर उच्च न्यायालय ने भी टिप्पणी की है कि इतना खूनखराबा होना है, तो पंचायत चुनाव ही रोक दीजिए।

पंचायत चुनाव के दौरान विपक्षी भाजपा ही नहीं, कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं को भी बहुत परेशानी हो रही है। लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा है कि भाजपा के खिलाफ लड़ाई में तृणमूल कांग्रेस की विश्वसनीयता हमेशा सवालों के घेरे में रही है। पटना में विपक्षी नेताओं की बैठक की तुलना शादी समारोह से करते हुए कांग्रेस नेता ने यहां तक कह दिया कि किसी शादी में अगर आपके दुश्मन को भी बुलाया जाता है, तो न्योते की खातिर आपको वहां जाना ही पड़ता है।

बंगाल में सियासी तल्खी इतनी बढ़ गई है कि अनेक विशेषज्ञ अनुमान लगाने लगे हैं कि क्या पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनाव आगामी लोकसभा चुनाव और विपक्ष के महागठबंधन की दशा-दिशा तय करेंगे? यह सुनने में अतिशयोक्ति लग सकती है, पर गौर कीजिए। पटना की बैठक से लौटने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी चुनावी रैलियों में जिस तरह बंगाल में कांग्रेस और सीपीएम पर भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगाया है, उसने कम से कम पश्चिम बंगाल में तो विपक्षी एकता की कोशिशों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह भी देखने लायक बात है कि कांग्रेस और सीपीएम नेताओं ने साफ कर दिया है, बंगाल में वे हाथ मिलाकर ही तृणमूल कांग्रेस का मुकाबला करेंगे।

यह बहुत दुखद है कि पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव हिंसा, आरोप-प्रत्यारोप और अदालती मामलों के कारण काफी सुर्खियां बटोर रहा है। बंगाल में ग्रामीण इलाके शुरू से ही सत्ता की चाबी रहे हैं। वाममोर्चा ने भूमि सुधार के जरिये गांवों में अपनी जो पकड़ बनाई थी, वह करीब 34 साल कायम रही। वर्ष 2008 के पंचायत चुनावों में ग्रामीण इलाकों में जमीन खिसकते ही वर्ष 2011 के विधानसभा चुनाव में यहां वाममोर्चा का लाल किला ढह गया था। तृणमूल कांग्रेस ने उन चुनावों में तमाम राजनीतिक पंडितों के आकलन को गलत साबित करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया था।

इस बार पंचायत चुनाव की अहमियत पहले के तमाम चुनावों से कहीं ज्यादा है, तो इसकी कई वजहें हैं। पहली तो यही कि विपक्षी भाजपा बीते विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने के बाद अब तृणमूल कांग्रेस को मजबूत चुनौती देने की स्थिति में है। दूसरी ओर, मुर्शिदाबाद मॉडल की कामयाबी से उत्साहित वाम-कांग्रेस गठजोड़ भी नए उत्साह के साथ मैदान में है। अल्पसंख्यकों में तृणमूल का जनाधार खिसकने का संकेत है। दरअसल, यह आम चुनाव से पहले तमाम दलों के लिए अपनी ताकत और पकड़ के आकलन का अंतिम मौका है। यही वजह है कि वर्चस्व की लड़ाई में अदालती फटकार के बावजूद जिसकी लाठी उसकी भैंस की तर्ज पर चौतरफा हिंसा हो रही है।

राज्य चुनाव आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, कुल सीटों में से करीब 12 फीसदी उम्मीदवार इस बार निर्विरोध जीत गए हैं। वर्ष 2018 के हिंसक पंचायत चुनाव में तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार करीब 34 फीसदी सीटों पर निर्विरोध जीत गए थे। तब भी विपक्ष ने चुनावी धांधली का आरोप लगाते हुए अदालत की शरण ली थी, लेकिन हुआ कुछ नहीं। सवाल उठ रहा है कि क्या ताजा हिंसा सत्तारूढ़ तृणमूल की कमजोर होती पकड़ का नतीजा है? कई राजनीतिक विश्लेषक तो ऐसा ही मानते हैं। दरअसल, पिछली बार पार्टी की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले पार्टी के दो नेता इस बार तृणमूल कांग्रेस के साथ नहीं हैं। बीरभूम जिले के बाहुबली नेता अणुब्रत मंडल पशु तस्करी के मामले में तिहाड़ जेल में हैं, तो मेदिनीपुर के धाकड़ नेता शुभेंदु अधिकारी विपक्षी भाजपा के खेमे में हैं। पार्टी की कमजोर स्थिति को ध्यान में रखते हुए ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहली बार पंचायत चुनाव में प्रचार के लिए मैदान में उतरी हैं। हालांकि, महज दो रैलियों के बाद ही हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग में पैर और कमर में चोट लगने के कारण अब उनके भावी चुनावी दौरे पर संदेह जताए जाने लगे हैं। ममता बनर्जी विपक्ष और विरोधियों पर पूरी तरह से हमलावर हैं। बांग्लादेश से सटे कूचबिहार जिले में अपनी पहली चुनावी रैली में उन्होंने बीएसएफ पर भी निशाना साधा और केंद्रीय सुरक्षा बल को अपनी ड्यूटी से मतलब रखने की सलाह दी।

इस बार पंचायत चुनाव से संबंधित अदालती मामलों ने भी एक नया रिकॉर्ड बनाया है। अंतत: सुप्रीम कोर्ट को आगे आकर कहना पड़ा कि चुनाव केंद्रीय बलों की निगरानी में ही होंगे। इसके बाद भारी मन से राज्य सरकार ने केंद्रीय बलों की 22 कंपनियां ही मांगीं, तो मामला फिर अदालत पहुंच गया। अदालत ने वर्ष 2013 के समान केंद्रीय बलों की तैनाती का निर्देश दिया है। ध्यान रहे, वर्ष 2013 में चुनाव आयोग ने राज्य में 825 कंपनियां तैनात की थीं, लेकिन इस बार राज्य के सभी 22 जिलों के लिए महज 22 कंपनियां मांगी गई थीं। पश्चिम बंगाल के निर्वाचन आयोग की भी इतनी फजीहत कभी नहीं हुई थी। हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने यहां तक कह दिया कि अगर चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा सकते, तो उनको इस्तीफा दे देना चाहिए। राज्यपाल उनकी जगह किसी और को नियुक्त कर देंगे, जो शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव का संचालन करने में सक्षम होगा।

राज्य सरकार की भी काफी किरकिरी हुई है। उसके लिए यह शर्मनाक है कि बंगाल में हिंसा अब चुनावी संस्कृति का अटूट हिस्सा बन गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2018 के पंचायत चुनाव के दौरान 23 राजनीतिक हत्याएं हुई थीं। एनसीआरबी ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष 2010 से 2019 के बीच राज्य में 161 राजनीतिक हत्याएं हुई हैं और बंगाल इस मामले में देश भर में पहले स्थान पर है। क्या बंगाल अपने दामन पर लगे इस दाग की अहमियत समझ रहा है? अगर नहीं समझ रहा है, तो आने वाले दिनों में वहां हिंसा और तेज होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# अपने तमाम दुर्गुणों को कुर्बान करने का दिन ईदुल-अजहा

अजहर हाशमी, साहित्यकार व शिक्षाविद्



ईदुल-अजहा (ईद-अल-अदहा) इस्लाम मानने वालों का विख्यात पर्व है। यह पर्व इस्लामी कैलेंडर के अनुसार, जिलहिज (जिलहिज्जा) माह की दसवीं तारीख को मनाया जाता है। इसे बकरीद भी कहा जाता है, जो दो शब्दों से मिलकर बना है, बक्र और ईद। इसका तात्पर्य है खुशी। कुल मिलाकर, कुर्बानी या त्याग से मिलने वाली खुशी का नाम बकरीद है।

ईदुल-अजहा का त्योहार मनाए जाने के मूल में एक कथा है, जिसे बार-बार सुनने-सुनाने की परंपरा है। यह ऐतिहासिक व धार्मिक दास्तान अल्लाह (ईश्वर) से प्रेम और भक्ति में एक पिता द्वारा अपने पुत्र की कुर्बानी (बलिदान) की दास्तान है। दास्तान है कि हजरत इब्राहीम अल्लाह से अगाध प्रेम करते थे और अल्लाह की इबादत में लीन रहते थे। अल्लाह ने हजरत इब्राहीम को काफी उम्रदराज होने पर औलाद (संतान) से नवाजा, औलाद का नाम इस्माईल रखा गया। हजरत इब्राहीम को अपनी औलाद से बहुत प्रेम था। तब अल्लाह (ईश्वर) ने हजरत इब्राहीम का इम्तिहान लेना चाहा कि वह अपने बेटे से ज्यादा प्रेम करते हैं या अल्लाह से। ख्वाब में इशारा हुआ कि 'ऐ! इब्राहीम, तू अपनी वह चीज मुझ पर कुर्बान कर, जिसे तू ज्यादा मोहब्बत करता है। बहुत मुश्किल इम्तिहान पेश हो गया। एक तरफ, अल्लाह के फरमान को मानने का सवाल, तो दूसरी तरफ, अपने बेटे से प्रगाढ़ प्रेम। हजरत इब्राहीम ने अल्लाह की राह में अपने बेटे की कुर्बानी को ही अपना फर्ज समझा। बेटे को कुर्बानी की जगह पर ले गए, पर पुत्र मोह में उनसे छुरी ही नहीं चली। तब पुत्र ने अपने पिता से स्वयं कहा, आप अपनी आंखों पर पट्टी बांध लें, ताकि आपको मेरा चेहरा न दिखे और कुर्बानी में आसानी हो। पिता ने पुत्र के कहने पर आंखों पर पट्टी बांध ली। खैर, चमत्कार हुआ, भविष्यवाणी हुई, 'ऐ! इब्राहीम तू इम्तिहान में कामयाब हो गया। अपनी आंखों की पट्टी खोल। पिता ने जब अपनी आंखों की पट्टी खोली, तो उनके पुत्र हजरत इस्माईल जिंदा थे और मुस्करा रहे थे। कहीं-कहीं ऐसा जिक्र भी आता है कि हजरत इस्माईल ने भी अपने पिता के आज्ञा पालन के लिए खुद भी आंखों पर पट्टी बांध ली थी। किस्सा कोताह यह कि ईदुल-अजहा दरअसल त्याग का संदेश देता है। यह प्रेरित करता है कि आप अपने दुर्गुणों की कुर्बानी दें और बेहतर इंसान बनें। यह बात छिपी नहीं है कि संसार में रहते हुए हम कई दुर्गुणों, जैसे क्रोध, मोह, माया, लोभ, द्वेष से ग्रस्त हो जाते हैं। हम क्रोध की कुर्बानी दें, यानी त्याग करें, क्योंकि क्रोध दरअसल विवेक का हरण कर लेता है। पैगंबर हजरत मोहम्मद की हदीस (धार्मिक दृष्टांत) भी है कि ताकतवर शख्स वह है, जो अपने गुस्से पर काबू पा लेता है।

एक अन्य हदीस में पैगंबर मोहम्मद ने फरमाया है कि जब तुम्हें गुस्सा आए, तब अगर खड़े हो, तो बैठ जाओ। बैठे हो, तो खड़े हो जाओ। हो सके, तो पानी पीकर गुस्से को ठंडा करो। ध्यान रहे, श्रीमद्भगवद्गीता के सोलहवें अध्याय के इक्कीसवें श्लोक में भी क्रोध अर्थात गुस्से को नरक का द्वार कहा गया है। यह श्लोक बताता है कि नरक के तीन द्वार हैं, काम, क्रोध और लोभ। ये तीन दुर्गुण हमें नाश की ओर ले जाते हैं। दूसरा संदेश यह कि मोह का त्याग करें, यानी कुर्बानी दें। सभी को पता है कि धृतराष्ट्र का पुत्र दुर्योधन से अत्यधिक मोह था और अंजाम क्या हुआ? तीसरा यह कि माया से दूर रहें। बार-बार मिसाल दी जाती है कि हजरत मोहम्मद सरलता-सादगी की मिसाल थे। हजरत इब्राहीम भी हमेशा मोह, माया से दूर रहे और सादगी से जिंदगी बसर की। कबीर ने भी कहा है, माया महाठगिनी हम जानी।

चौथा यह कि लोभ की कुर्बानी दें, यानी लालच से दूर रहें। ईश्वर ने अपनी लीला से भी यह दिखाया है कि सोने के हिरण के पीछे भागने से अहित ही होता है। पांचवां, द्वेष की कुर्बानी दें, क्योंकि द्वेष दीमक की तरह है, जो व्यक्तित्व को खोखला कर देती है। दुनिया में किसी भी तरह का द्वेष दलदल की तरह है, जिसमें आदमी फंसता ही चला जाता है। जरूरी है कि हम मिलकर द्वेष की दलदल को अपने त्याग से सुखा दें। आज इदुल-अजहा के संदेश को व्यापकता और सकारात्मकता के साथ देखने की जरूरत है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# आर्थिक मुद्दे ज्यादा अहम रहे अमेरिका यात्रा में

जी. पार्थसारथी

प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा का आगाज भव्य समारोह से किया गया। शुरुआत न्यूयॉर्क से हुई, जहां उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से मनाए गए योग-दिवस आयोजन में भाग लिया और खुद भी योगासन किए। बता दें कि अमेरिका में योग करने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। वहीं साफ है कि मोदी इस पुरातन भारतीय विद्या की ओर अंतर्राष्ट्रीय ध्यान खींचने के लिए दृढ़-संकल्प दिखे। योग इन दिनों भारत की सीमाओं से भी परे लोकप्रिय होता जा रहा है। इसके बाद वाशिंगटन पहुंचने पर प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत स्वयं राष्ट्रपति बाइडेन और उनकी पत्नी ने किया। इस दौरान अच्छी-खासी संख्या में भारतीय मूल के लोग भी दिखे। वाशिंगटन में रस्मी समारोहों के बाद वैश्विक एवं द्विपक्षीय मुद्दों सहित विस्तारित वार्ता चली। दोनों पक्षों ने अहम विषयों को तरजीह देने को सहमति जताई, जिससे भारत में आर्थिक विकास को नई गतिशीलता मिलेगी। अमेरिका के कई शीर्ष व्यवसायी भी प्रधानमंत्री से मिले, जिनमें स्पेस-एक्स और ट्विटर के मालिक इलॉन मस्क, गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई भी थे।



भारत के ध्यान का मुख्य केंद्र अनेकानेक औद्योगिक और वित्तीय परियोजनाओं में अमेरिकी निवेश पाने पर टिका रहा। मस्क और पिचाई से मुलाकातें इसी सिलसिले में थीं। मस्क 237 बिलियन डॉलर संपत्ति के मालिक हैं। इस यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि भारत में सेमीकंडक्टर उत्पादन इकाई बनाने की राह प्रशस्त होना है, जो कि आज की तारीख में लगभग हर मशीन और उत्पादन प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा है। अमेरिकन कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी इन्कॉर्पोरेशन अगले पांच सालों में 825 मिलियन डॉलर निवेश करेगी। इससे 20,000 लोगों को नौकरी मिल पाएगी और यह भारत के औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम होगा। वहीं 60,000 भारतीय इंजीनियरों को सेमीकंडक्टर बनाने के काम की सिखलाई देने पर पर भी सहमति बनी। अमेरिका के साथ विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ रहे सहयोग में, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लीन एनर्जी से लेकर संचार माध्यम तक शामिल हैं।

लगता है अमेरिका भारत के साथ रक्षा सहयोग में विस्तार करने को तत्पर है। तय किया गया कि अमेरिका भारत के हल्के लड़ाकू विमान के लिए जीई-414 इंजन देगा, जिसका निर्माण धीरे-धीरे भारत में किया जाएगा। इसके अलावा, एक बड़े सौदे में भारत को 31 एमक्यू 9 बी एडवांस हाई-आल्टीट्यूड ड्रोन बेचना मंजूर हुआ है, यह भारत की लंबी दूरी की टोही सक्षमता बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा है, इन्हें भारत में पुर्जे जोड़कर बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री के अमेरिका दौरे से भारत को चीन से दरपेश राजनयिक एवं रक्षा चुनौतियों का सामना मिलकर करने का माहौल अब बन चुका है। भारत लद्दाख के त्वांग सेक्टर में चीनी घुसपैठ और भारतीय प्रतिरोध के बाद चीनियों की वापसी वाले प्रसंग से उपजे तनावों को आसानी से नहीं भूल सकता। लंबी दूरी तक उड़ान भरने में सक्षम ड्रोनों से अब नज़र बनाने में सुविधा होगी और देश की थलीय और जलीय सीमाओं की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे ड्रोन होना जरूरी है।

यूक्रेन पर रूस की चढ़ाई और इसके लिए उसे एकतरफा दोषी न मानने वाले रुख पर भारत का कायम रहना अब अमेरिका को भी स्पष्टत: समझ आ चुका है। इसके अलावा, भारत और अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा यकीनी बनाने के लिए निर्मित क्वाड नामक गुट में निकट सहयोग करने पर गंभीरता से प्रतिबद्ध हैं। चीन सहित किसी को शक नहीं कि यह संगठन भारत के पूरबी पड़ोस में सुरक्षा और रक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। चीन द्वारा थलीय और जलीय सीमा संबंधी दावों को आधार बनाकर वियतनाम और फिलीपींस की थलीय एवं जलीय सीमाओं के अतिक्रमण का सामना करने को भारत ने उन्हें मारक ब्रह्मोस मिसाइलें प्रदान की हैं। इसके अलावा अमेरिका और भारत उस गुट के भी सदस्य बन गए हैं जिसके निर्माण का उद्देश्य तेल संपन्न फारस की खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बनाने में सहयोग को बढ़ावा देना है। हिंद महासागर के जलीय मार्गों में चीन की बढ़ती नौसैन्य उपस्थिति को लेकर बनी भारत और अमेरिका की चिंता एक-समान है। श्रीलंका के हम्बनतोता और पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह में चीन की बढ़ती मौजूदगी के अलावा अफ्रीका प्रायद्वीप के मुहाने पर स्थित दिजबाउती बंदरगाह के विकास कार्य में 590 मिलियन डॉलर के निवेश वाले चीनी सहयोग पर भारत-अमेरिका की खास नज़र है। खाड़ी क्षेत्र में शांति और स्थायित्व स्थापना के लिए भारत और अमेरिका ने इस्राइल एवं संयुक्त अरब अमीरात को साथ लेकर एक नया संघ बनाया है।

प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा ऐसा पहला मौका है जब दोनों देशों ने दो टूक घोषणा करते हुए कहा कि वे वैश्विक आतंकवाद को रोकने और इसके सभी प्रकार के स्वरूपों और तौर-तरीकों की भर्त्सना करने में स्पष्ट रूप से 'एक साथ' खड़े हैं। संयुक्त घोषणापत्र में यह भी जिक्र है कि दोनों मुल्कों के नेता पाकिस्तान चालित सीमा-पारीय आतंकवाद की निंदा करते हैं। भारत और अमेरिका ने संयुक्त मांग में पाकिस्तान से कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र की आतंकी सूची में शामिल लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिज़्ब-उल-मुजाहिद्दीन जैसे संगठनों पर कार्रवाई करे। पाकिस्तान से यह अपेक्षा भी की गई है कि वह अपनी भूमि का इस्तेमाल आतंकी हमलों के लिए न होने देना सुनिश्चित करे। अलबत्ता पाकिस्तान ने भारत-अमेरिका घोषणापत्र की आलोचना की है। उसके विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस बयान को 'अवांछनीय, एकतरफा और भ्रामक' ठहराया है और ऐतराज जताया है कि घोषणापत्र में पाकिस्तान का जिक्र 'राजनयिक उसूलों' के खिलाफ है।

भारत-अमेरिका संयुक्त घोषणापत्र में यह उल्लेख भी है कि भारत और अमेरिकी नेतृत्व सीमापारीय आतंकवाद चलाने और छद्मयुद्ध में आतंकियों के इस्तेमाल की कड़ी निंदा करता है। पाकिस्तान से कहा गया है कि वह त्वरित कार्रवाई करते हुए, अपनी भूमि का उपयोग आतंकी हमले की कोख बनने के लिए न होने दे। इससे पहले सऊदी अरब में एक अभूतपूर्व बैठक हुई है, जिसमें भारत और अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और सऊदी अरब के राजनेता ने भाग लिया था। इस वार्ता को लेकर भारत ने चुप्पी साधे रखी है लेकिन संकेत दिया कि इसमें 'बुनियादी ढांचा बनाने के लिए क्षेत्रीय पहल' पर चर्चा हुई है। अलबत्ता व्हाइट हाउस ने दावा किया है कि यह बैठक भारत एवं बाकी दुनिया से जुड़े मध्य-पूरब क्षेत्र को सुरक्षित एवं समृद्ध बनाने की संयुक्त दूरदृष्टि में आगे विस्तार हेतु थी।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़


इनकम TAX ITR फाईल बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### कलेक्टर ने किया तहसील कार्यालय का निरीक्षण

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज रायपुर तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील कार्यालय के प्रस्तावित नवीन भवन के निर्माण के संबंध में जानकारी ली। साथ ही प्राक्कलन और कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा। उसके बाद उन्होंने नायब तहसीलदार और तहसीलदार के न्यायालय का निरिक्षण किया। वहां कंडिकावार प्रकरणों की समीक्षा की और लंबित रहने का कारण पूछते हुए जल्द निराकरण करने कहा। कलेक्टर ने निर्धारित समयावधि में प्रकरणों के निराकरण न होने पर अप्रसन्नता भी व्यक्त की। राजस्व वसुली के प्रकरण दर्ज न होने पर भी नाराजगी जताई और निरंतर एंट्री न होने का कारण पुछा। कलेक्टर ने राजस्व परिपत्र आरबीसी 6-4 के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि में सहायता राशि देने के निर्देश दिए सभी शाखाओं में पंजी संधारण करने के निर्देश दिये। उन्होने पटवारी से और पुलिस के साथ समन्वय बैठक कर जल्द प्रतिवेदन प्राप्त करने को कहा। डॉ भुरे ने कार्यालय में आने वाले नागरिकों से बातचीत की और आने का कारण पूछते हुए अधिकारियों से उनके आवेदन पर जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए।

### अन्य पिछड़ा वर्ग के बच्चों के लिए महासमुन्द में खुलेंगे 100 सीटर छात्रावास

**महासमुंद।** अन्य पिछड़ा वर्ग के बच्चों के लिए महासमुन्द में 100-100 सीटर बालक-बालिका छात्रावास खोले जाएंगे। अन्य पिछड़ा वर्ग सलाहकार परिषद की बैठक में सीएम भूपेश बघेल ने इसके लिए स्वीकृति प्रदान की है। जिस पर संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने मुख्यमंत्री श्री बघेल का आभार जताया है।मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री श्री बघेल की अध्यक्षता में अन्य पिछड़ा वर्ग सलाहकार परिषद की बैठक हुई। जिसमें महासमुन्द से परिषद के सदस्य संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर व मनोनीत सदस्य दाऊलाल चंद्राकर शामिल हुए। बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग के बच्चों के लिए महासमुन्द में 100-100 सीटर बालक-बालिका छात्रावास सहित 15 नवीन पोस्ट मैट्रिक छात्रावास खोलने की स्वीकृति प्रदान की गई। गौरतलब है कि महासमुन्द में लंबे समय से अन्य पिछड़ा वर्ग के बच्चों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने मुख्यमंत्री श्री बघेल का ध्यानाकर्षित कराया था। बाद इसके अन्य पिछड़ा वर्ग सलाहकार परिषद की बैठक में इसके लिए महासमुन्द में सौ-सौ सीटर पोस्ट मैट्रिक छात्रावास के लिए स्वीकृति मिल सकी। अब जिले के अन्य पिछड़ा वर्ग के बच्चों को इन संस्थाओं में आवास, भोजन, रहन-सहन सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी।

# शिक्षा की नींव मजबूत करने की दिशा में काम कर रही सरकार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुस्कान स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल महासमुन्द में कक्षा नवमीं में पढ़ती हैं, मुस्कान बताती हैं कि फ्री में इंग्लिश मीडियम स्कूल की अच्छी पढ़ाई के कारण अब मम्मी-पापा को फ़ीस की टेंशन नहीं होती। हमें क्वालिटी एजुकेशन मिल रही है, जो पहले प्राइवेट स्कूल में महंगी फ़ीस के साथ मिलती थी। मुस्कान के पापा ऑटो चलाते हैं, उसने कहती है पहले वाले स्कूल में फ़ीस भरने में बहुत तकलीफ़ होती थी, लेकिन अब सब बहुत अच्छा है, मैं बड़ी होकर सीए बनूंगी और अपना सपना पूरा करूंगी। मुस्कान जैसे विद्यार्थी आज बेहतर माहौल में अच्छी शिक्षा प्राप्त प्राप्त कर रहे हैं, क्योंकि छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा की नींव मजबूत करने की दिशा में लगातार काम कर रही है।



प्रोद्यौगिकी, इन्टरनेट के युग और ग्लोबलाइजेशन के दौर में अंग्रेजी शिक्षा आज की सबसे बड़ी जरुरत है। इसी जरुरत को समझते हुए और छत्तीसगढ़ की प्रतिभा को दुनिया के लिए तैयार करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने की पहल की। इस पहल गरीब बच्चों को भी क्वालिटी एजुकेशन और अंग्रेजी भाषा में शिक्षा मिलना संभव हो रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने अंग्रेजी शिक्षा की पहल पर खोले गए स्कूलों को स्वामी आत्मानंद को समर्पित किया है, जिन्होंने अपना जीवन आदिवासी बच्चों में शिक्षा के प्रसार के लिए बिताया। स्वयं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी स्वामी आत्मानंद के कार्यों से प्रभावित थीं, आज नारायणपुर के रामकृष्ण मिशन के विद्यालय से पढ़कर निकले विद्यार्थी देश के बड़े बड़े पदों पर कार्य कर रहे हैं।

अंग्रेजी शिक्षा से वंचित वर्ग तक भी शिक्षा का प्रसार हो इस भावना के साथ छत्तीसगढ़ सरकार ने पूरे प्रदेश में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की शुरुआत की, जिसके जरिए नई पीढ़ी आज की जरूरत के हिसाब से भावी भविष्य के लिए तैयार हो रही है। आज प्रदेश के स्कूल सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। स्कूल शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक विद्यार्थियों को पढ़ने-लिखने और अपनी प्रतिभा को निखारने का अच्छा अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अगुवाई में छत्तीसगढ़ में शिक्षा के स्तर का लगातार ग्राफ बढ़ रहा है। सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर बढ़ाने और उसे मजबूत करने की दिशा में कई अहम पहल से छत्तीसगढ़ आज देश के लिए अपने तरह की एक अनूठी मिसाल पेश कर रहा है।

### स्कूलों को किया गया अपग्रेड

विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई का बेहतर माहौल देने के लिए स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है, इसके लिए इन स्कूलों में सबसे पहले आधारभूत संरचना को मजबूत किया गयाद्य पुरानी बिल्डिंग का पुनरुद्धार कर उसे एक नया रूप दिया गया। इसी का परिणाम है कि पहले जिन स्कूलों में पुराने ब्लैक बोर्ड थे आज वहां ग्रीन बोर्ड लगाए गए हैं और कुछ जगहों पर स्मार्ट बोर्ड की सुविधा से भी विद्यार्थी पढ़ रहे हैं, पुराने बैंच-टेबल की जगह नये कम्फर्टेबल बैंच ने ले ली है।

### मिल चुके हैं कई पुरस्कार

प्रदेश के बजट में शिक्षा ज्यादा राशि शिक्षा के लिए खर्च की जा रही है। इससे शैक्षणिक संस्थाओं की अधोसंरचना बेहतर हो रही है। आँगन म शिक्षा पहल के लिए छत्तीसगढ़ को 2022 का स्कॉच अवार्ड प्रदान किया गया था। इसी तरह नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग को राष्ट्रीय स्तर के एमबिलीयंथ अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

### अंग्रेजी शिक्षा के खर्च से मिली मुक्ति

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंगेजी एवं हिंदी उत्कृष्ट विद्यालय योजना ने माता-पिता को अपने बच्चे के लिए अंग्रेजी शिक्षा के खर्च के बोझ से मुक्त करा दिया है। इन स्कूलों में अत्याधुनिक लाइब्रेरी, लैंग्वेज लैब, कंप्यूटर और साइंस के साथ ही टेनिस और बैडमिन्टन सहित विभिन्न खेलों की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जो बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में जरूरी हैं।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनाः कुल 41 जोड़े बंधे दाम्पत्य सूत्र में

श्रीकंचनपथ न्यूज

जांजगीर-चांपा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत कुल 41 वर-वधू के जोड़े एक ही मंडप के नीचे दांपत्य सूत्र में बंधे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम सामाजिक, धार्मिक रीति रिवाज और उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। नेताप्रतिपक्ष सहित उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों ने सभी वर-वधू को खुशहाल और सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया।



जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि बम्हनीडीह, बलौदा व अकलतरा परियोजना में मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह द्वारा अंबेडकर भवन चांपा में 15 कन्याओं विवाह का संपन्न कराया गया। इसके साथ ही एकीकृत बाल विकास परियोजना अकलतरा द्वारा 12 कन्याओं एवं बलौदा द्वारा 14 कन्याओं का विवाह संयुक्त रूप से सामूदायिक भवन संजय नगर अकलतरा में संपन्न कराया गया। एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह द्वारा अंबेडकर भवन चांपा में 15 कन्याओं विवाह का संपन्न कराया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक नारायण चंदेल, अध्यक्ष नगरपालिका चांपा जय थवाईत, उपाध्यक्ष नगरपालिका चांपा हरदेव प्रसाद देवांगन, अध्यक्ष जनपद पंचायत बम्हनीडीह श्रीमती आशा बालेश्वर, पार्षदगण, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल, मोहम्मद अहमद परियोजना अधिकारी बम्हनीडीह, परियोजना बम्हनीडीह के समस्त पर्यवेक्षक एवं समस्त कार्यालयीन स्टॉफ एवं समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहें। एकीकृत बाल विकास परियोजना अकलतरा द्वारा 12 कन्याओं एवं बलौदा द्वारा 14 कन्याओं का विवाह संयुक्त रूप से सामूदायिक भवन संजय नगर अकलतरा में संपन्न कराया गया । उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, दिलेश्वर साहू सदस्य जिला पंचायत, दिवाकर राणा उपाध्यक्ष नगरपालिका अकलतरा, महेश्वर टंडन श्रीमती रीता शर्मा, सुशांत सिंह प्रशांत वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल, रविकुमार शर्मा परियोजना अधिकारी अकलतरा, श्रीमती लक्ष्मीराव बाकोड़े परियोजना अधिकारी बलौदा, राजेन्द्र कश्यप सेवानिवृत्त जिला कार्यक्रम अधिकारी, श्रीमती रेखा श्रीवास्तव से.नि. परियोजना अधिकारी, समस्त पर्यवेक्षक एवं समस्त कार्यालयीन स्टॉफ एवं समस्त आं.बा. कार्यकर्ता उपस्थित रहें। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना में प्रति कन्या 50000/- रूपये का प्रावधान शासन द्वारा निर्धारित किया गया है जिसमें से 21000/- रूपये चेक या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में प्रदान करने का प्रावधान है एवं वर-वधु के कपड़े, श्रृंगार सामग्री एवं गृहस्थ जीवन प्रारंभ करने गृहस्थी की आवश्यक सामग्री प्रदान की गई।

# कैरियर गाइडेंसः वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक छात्रों को देंगे मार्गदर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल से जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक शुक्रवार को जिला ग्रन्थालय में करियर गाइडेंस सेशन आयोजित किया जा रहा है।

जिसमें जिले के वरिष्ठ अधिकारी छात्रों से रूबरू होकर अपने अनुभव बांटेंगे और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के टिप्स देंगे।

इसी क्रम में इस शुक्रवार 30 जून को सुबह 10 बजे जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार छात्रों के बीच होंगे। जहां वे सिविल सर्विसेज की तैयारी कर छात्रों को मार्गदर्शन देंगे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री सिन्हा की विशेष पहल पर रायगढ़ जिला में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा के तैयारी एवं रोजगार के अवसरों के लिए विशेष मार्गदर्शन एवं कोचिंग कक्षायें जिला ग्रंथालय रायगढ़ में संचालित किए जा रहे हैं, इसके साथ ही वर्तमान में जिला ग्रंथालय रायगढ़ में पीएससी की कोचिंग कक्षायें संचालित हो रही हैं। जिससे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को बेहतर व प्रतियोगी माहौल प्रदान किया जा सके। ताकि प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से जिले के युवाओं को बेहतर परिणाम मिल सकेगा। इस कार्यक्रम के तहत पिछले हफ्ते सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव और नौसेना में लेफ्टिनेंट कृपासिंधु पटेल ने छात्रों का मार्गदर्शन किया था।

# हम लें ये संकल्प परिवार नियोजन को बनाएंगे, खुशियों का विकल्प

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। जिले में परिवार नियोजन को बढ़ावा देने तथा जनसंख्या स्थिरीकरण करने हेतु जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन 27 जून से 24 जुलाई 2023 तक किया जा रहा है। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने विगत दिवस जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े का प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



प्रचार रथ के द्वारा जिले के सभी विकासखण्डों में घूमकर परिवार नियोजन के स्थाई साधन, महिला एवं पुरूष नसबंदी तथा पखवाड़े के संबंध में जागरूकता प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन.केसरी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सी.के.सिंह, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ कुमार पुष्पेश उपस्थित थे।

कलेक्टर संजीव कुमार झा ने पखवाड़े के सफल आयोजन के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। सीएमएचओ डॉ. केसरी ने पखवाड़े के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में परिवार नियोजन को बढावा देने के उद्देश्य से विगत 27 जून से 24 जुलाई 2023 तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को उक्त पखवाड़े के सफल आयोजन हेतु दिशा-निर्देश जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि इस पखवाड़े को दो भागों में बॉटा गया है। जिसके अंतर्गत 27 जून से 10 जुलाई तक मोबिलाईजेशन पखवाड़ा (दंपति संपर्क पखवाड़ा) आयोजित होगा। इस दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा मितानिनों द्वारा लक्षित दंपत्तियों में जागरूकता हेतु सही समय पर विवाह, स्वास्थ्य, जन्म अंतराल, प्रसव उपरांत परिवार नियोजन, परिवार नियोजन में पुरूष की सहभागिता एवं अबॉर्शन उपरांत परिवार नियोजन के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही परिवार नियोजन के अस्थाई और स्थाई साधनो के बारे में भी अवगत कराया जाएगा।

जिले में ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस में भी उक्त जानकारी दी जाएगी। इसी प्रकार ग्राम पचायत स्तर पर नए अस्थाई परिवार नियोजन साधनों के बारे में चर्चा हेतु सास-बहू सम्मेलन का आयोजन पखवाड़े के माध्यम से किया जाएगा। जिसके अंतर्गत अन्तरा एवं छाया जैसे नए गर्भ निरोधक साधनों के बारे में विशेष जानकारी दी जाएगी।


आगामी 11 जुलाई से 24 जुलाई 2023 तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इस पखवाड़े में लक्षित दंपतियों को उनकी पसंद अनुसार परिवार नियोजन के अस्थाई साधन जैसे निरोध, ओरल पिल्स, छाया, अंतरा इंजेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। जिसे इच्छुक दंपत्ति अपने नजदीकी सभी स्वास्थ्य केन्द्रो तथा स्वास्थ्य कार्यकताओं से प्राप्त कर सकते है। 11 जुलाई से 24 जुलाई 2023 तक आयोजित पखवाडें में 16 जुलाई एवं 23 जुलाई 2023 दिन रविवार के अतिरिक्त जिला चिकित्सालय तथा सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा, कटघोरा, पाली, करतला तथा पोंड़ी उपरोड़ा में महिला तथा पुरूष नसबंदी हेतु शिविर आयोजित किया जाएगा। विकासखण्ड पोंड़ी उपरोड़ा के पात्र इच्छुक दंपति जिला अस्पताल तथा किसी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पुरूष एवं महिला नसबंदी आपसी समन्वय के साथ करवा सकते है। नसबंदी उपरांत हितग्राहियों को अंतराल महिला नसबंदी हेतु 2000 रूपए, प्रसवोत्तर महिला नसबंदी हेतु 3000 रूपए तथा पुरूष नसबंदी हेतु 3000 रूपए प्रोत्साहन राशि दिया जावेगा।

### जल जीवन मिशन से उपनपाल के हर घर को मिला नल कनेक्शन

**जगदलपुर।** जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल सुलभता के लक्ष्य के अनुरूप नल-जल योजनाओं को तेजी के साथ पूर्ण किया जा रहा है। इसी क्रम में जगदलपुर ब्लॉक के ग्राम उपनपाल में 33 लाख 35 हजार रुपये की लागत से नवीन जल प्रदाय योजना का निर्माण पूरा किया गया है, जिससे अब करीब 1489 आबादी वाले इस गांव के 301 परिवारों को नल कनेक्शन प्रदान किया है और उन्हें सुगमता से शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जगदीश कुमार ने इस बारे में बताया कि जल जीवन मिशन योजना क्रियान्वयन के पहले उपनपाल में हैंडपंप के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही थी।










## खास खबर...

### छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन की प्रगति को भारत सरकार ने सराहा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन की उल्लेखनीय प्रगति की भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय ने सराहना की है। जल शक्ति मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ राज्य में 25 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के लिए घरेलू नल कनेक्शन दिए जाने की सराहना करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने जल जीवन मिशन का 50 प्रतिशत से अधिक का लक्ष्य पूरा होने पर प्रसन्नता जताते हुए जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में जुटे अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ लक्षित ग्रामीण परिवारों को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने का काम तेजी से किया जा रहा है। बीते एक पखवाड़े में एक लाख 27 हजार से अधिक परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किया जाना इस बात का प्रमाण है। आगामी दिनों में मिशन के कामों में और तेजी लायी जाएगी।

गौरतलब है कि जल जीवन मिशन के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में 25 लाख 11 हजार 850 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिए जाने का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है जो कि घरेलू नल कनेक्शन दिए जाने के लक्ष्य का 50.13 प्रतिशत है। अब तक छत्तीसगढ़ राज्य के 556 गांवों के शत-प्रतिशत परिवारों को भी घरेलू नल कनेक्शन दिया जा चुका है। राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत कुल 50 लाख 10 हजार 499 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय किए जाने का लक्ष्य है।

### जुआ, सट्टा संबंधी विज्ञापन प्रसारित न करने के लिए एडवायजरी जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य में जुआ और सट्टा में लिप्त रहकर अवैध धनोपार्जन की प्रवृत्ति तथा ऑनलाईन सट्टा, जुआ के रूप में उभरती सामाजिक बुराई की रोकथाम के लिए छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 लागू किया गया है।

उक्त अधिनियम की धारा 10 के अनुसार जुआ के सभी खेल जहां कौशल पर अवसर की प्रधानता हो ऐसे सभी खेलों का इलेक्ट्रानिक/प्रिंट मीडिया में विज्ञापन पर प्रतिषेध रहेगा। इसी अधिनियम की धारा 11 के अनुसार यदि कोई धारा 10 में उल्लेखित प्रावधानों का उल्लंघन करेगा, तो 3 वर्ष तक का कारावास एवं 50 हजार रूपए तक का जुर्माने से दंडनीय होगा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर द्वारा जिले के समस्त विज्ञापन एजेंसियों, समाचार पत्रों, टीव्ही चैनल और पोर्टल्स के लिए जुआ, सट्टा संबंधी विज्ञापन प्रदर्शित न करने के लिए एडवायजरी जारी की गई है। एडवायजरी में कहा गया है कि अधिनियम की धारा 10 एवं 11 को दृष्टिगत रखते हुए किसी भी विज्ञापन जिसके माध्यम से इन खेलों का इलेक्ट्रानिक एवं प्रिंट मीडिया में प्रकाशन कर बढ़ावा दिया जाता है, वह एक दंडनीय अपराध है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा ऐसे विज्ञापन किसी भी माध्यम से प्रसारित न करने को कहा गया है।

### नगर निगम के सहयोग से एनजीओ करेंगे रिक्त भू-खंड पर वृहद पौधरोपण

**रायपुर (ए)।** जन सहभागिता से रायपुर को हरा-भरा बनाए रखने नगर निगम कमिश्नर मयंक चतुर्वेदी ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम कर रहे समाजसेवी एवं स्वयंसेवी संगठनों, चेम्बर ऑफ कॉमर्स और नागरिकों से चर्चा की। बैठक में उन्होंने कहा कि पौधा रोपण के साथ इसके संवर्धन व संरक्षण की दिशा में भी सामूहिक प्रयास की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संवर्धन की दिशा में आम नागरिकों व संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण है एवं उनके इस प्रयास को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।नगर निगम मुख्यालक के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में 50 से भी अधिक संगठनों ने हिस्सा लिया एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण को आवश्यक बताते हुए हर घर को इस कार्य हेतु प्रेरित करने अपने उपयोगी सुझाव दिए। चर्चा के दौरान सघन वृक्षारोपण, रोड डिवाइडर के मध्य व सड़कों, एक्सप्रेस वे, तालाबों के किनारे तथा आवासीय कॉलोनियों के रिक्त भू-खंड पर जन भागीदारी से पौधा रोपण व इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी पर विस्तार से चर्चा की गई।

# रेडीमेड कपड़ों के निर्माण से खुला रोजगार का सुगम द्वार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश में रोजगार, स्व-रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। विशेषकर ऐसे क्षेत्रों में जहां रोजगार के कोई अवसर उपलब्ध नहीं थे, वहां आज स्थानीय स्तर पर नियमित रोजगार के रास्ते खुले हैं। इन क्षेत्रों में अब हर वर्ग के लोग आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं। इस दिशा में पहल करते हुए सरकार गौठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) बना रही है, जो स्थानीय संसाधनों की उपलब्धता के साथ क्षेत्रीय सहभागिता से उद्यमिता को बढ़ावा दे रहा है।



बालोद जिले के ग्राम मार्री बंगला में स्थापित रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में रेडीमेड वस्त्रों के निर्माण से महिला समूहों को न केवल रोजगार मिल रहा है, बल्कि उन्हें अच्छी खासी आमदनी भी हो रही है। महिलाओं द्वारा शुरू किए गए रेडीमेड वस्त्र निर्माण इकाई से 8 से अधिक स्व-सहायता समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन रही है। यहां संचालित रेडीमेड वस्त्र निर्माण इकाई रोजगार उपलब्ध कराने का कारगर माध्यम बन गया है। यहां ग्रामीण युवाओं को गांव में ही रूचि का व्यवसाय मिल रहा है। महिलाओं द्वारा रेडीमेड वस्त्रों के निर्माण से उन्हें अब तक 2 लाख 56 हजार रुपये की आमदनी मिल चुकी है।

इस रेडीमेड वस्त्र निर्माण इकाई में पेटीकोट, टी-शर्ट के रेडीमेड वस्त्र निर्माण किया जा रहा है। इस रेडीमेड इकाई में निर्मित सामग्रियों का मूल्य 06 लाख 97 हजार रुपए तथा उत्पादित सामग्रियों की कुल लागत 04 लाख 91 हजार रुपए है। इस इकाई में सांई बाबा स्व-सहायता समूह, जय मां तुलसी स्व-सहायता समूह, भारत माता स्व-सहायता समूह, जय गंगा मईया स्व-सहायता समूह, जय मां शाकम्भरी स्व-सहायता समूह, जय मां दंतेश्वरी स्व-सहायता समूह, मीनिमाता स्व-सहायता समूह, नर्मदा स्व-सहायता समूह आदि की महिलाएं जुड़ी हैं।

रीपा से जुड़ी महिलाएं बताती है कि अपने घरेलू जिम्मेदारियों को पूरा करने के बाद सभी सदस्य रीपा में आकर रेडीमेड वस्त्र तैयार कर रही हैं, जिससे उन्हें अच्छी खासी आमदनी प्राप्त हो रही है। उन्होंने महिलाओं को रोजगार प्रदान के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया है।

# बेरोजगार युवा अब बिना किसी चिंता के कर रहे हैं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** घर की माली हालत की वजह से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का खर्च उठाना किसी भी प्रतिभागी के लिए आसान नहीं होता है। इस वजह से कई युवा घर के रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करने के लिए कुछ काम करने लग जाते हैं। आज के दौर में जहां नौकरियां पाने के लिए कठिन प्रतिस्पर्धा से गुजरना पड़ता है। ऐसे में अपनी और घर की जरूरतों के लिए कुछ काम करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना बहुत ही मुश्किल हो जाता है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर शुरू की गई बेरोजगारी भत्ता योजना ने ऐसे युवाओं की मुश्किलें काफी हद तक आसान कर दी है। इस योजना के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को प्रतिमाह 2,500 रूपए प्रतिमाह दिया जा रहा है। बेरोजगारी भत्ता पाने वाले युवा अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताते हैं कि यह योजना उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्हें अब अपने सपनों को पूरा करने में पूरा समय मिल पाएगा। घर की आर्थिक स्थिति बाधक नहीं बनेगी।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही मनेंद्रगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत चैनपुर की रहने वाली सुश्री मीनू चौरसिया ने बताया कि उनके पिताजी होटल व्यवसाय में काम करते हैं और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। पहले उन्हें पुस्तक, स्टेशनरी और परीक्षा में शामिल होने के लिए आवश्यक जरूरतों के लिए पैसों की बहुत दिक्कत होती थी। परंतु बेरोजगारी भत्ता मिलने से उन्हें पुस्तक, कॉपी, पेन, प्रतियोगी पुस्तकें व परीक्षा फॉर्म भरने में काफी मदद मिल रही है। उन्होंने यूट्यूब में पढ़ाई करने के लिये नेट रिचार्ज भी कराया है। मीनू चौरसिया की तरह ही अंबिकापुर में रहने वाली सुभद्रा मिंज व स्टेला लकड़ा किराए में रहकर पढ़ाई कर रही हैं। बेरोजगारी भत्ता मिलने से पुस्तक, कॉपी, पेन, प्रतियोगी पुस्तकें व परीक्षा फॉर्म भरने में काफी मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि हमें अब आर्थिक रूप से परिजनों पर आश्रित नहीं रहना पड़ रहा। इसी तरह लखनपुर निवासी उमेश चौधरी ने बताया कि बेरोजगारी भत्ता का उपयोग वे अपनी जरूरत के हिसाब से पढ़ाई लिखाई की सामग्री खरीदने में कर रहे हैं जिससे उन्हें पढ़ाई में परेशानी नहीं हो रही है।

एमएससी बायोटेक्नोलॉजी की पढ़ाई पूर्ण कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली कोरबा की सुश्री राजलक्ष्मी राठौर के पिता एक स्टाम्प वेंडर हैं, उनकी आय बहुत कम है। इससे उन्हें परीक्षा की तैयारी करने में बहुत बाधाएं आ रही थी। राजलक्ष्मी कहती है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बेरोजगारी भत्ता योजना प्रारम्भ करने से गरीब एवं बेरोजगार युवाओं में शासकीय नौकरी की तैयारी के लिए उम्मीद की एक नई किरण जगी है।

# एक पखवाड़े के भीतर सवा लाख घरेलू नल कनेक्शन दिए जाने का रिकार्ड

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत् परिवारों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के लिए घरेलू नल कनेक्शन दिए जाने के मामले में जल जीवन मिशन ने पूरी ताकत झोक दी है। बीते एक पखवाड़े में एक लाख 27 हजार से अधिक परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिए जाने की उल्लेखनीय उपलब्धि छत्तीसगढ़ ने हासिल की है। जल जीवन मिशन की इस उल्लेखनीय उपलब्धि की सराहना पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं जल शक्ति मंत्रालय ने की है। जल जीवन मिशन के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में 25 लाख 11 हजार 850 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिए जाने का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है जो कि घरेलू नल कनेक्शन दिए जाने के लक्ष्य का 50.13 प्रतिशत है। पचास फीसद से अधिक लक्ष्य की पूर्ति के लिए जल शक्ति मंत्रालय नई दिल्ली ने अपने ट्वीटर हैण्डल से छत्तीसगढ़ को बधाई दी है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने जल जीवन मिशन की उल्लेखनीय प्रगति के लिए सभी को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के 556 गांवों के शत-प्रतिशत परिवारों को भी घरेलू नल कनेक्शन दिया जा चुका है और 249 ग्रामों का हर घर जल का प्रमाणीकरण हो चुका है। जल जीवन मिशन अंतर्गत राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत कुल 50 लाख 10 हजार 499 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय किए जाने का लक्ष्य है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने बीते 12 जून को जल जीवन मिशन के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर काम-काज की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की थी और अधिकारियों कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश के परिपालन में बीते 14 दिनों में राज्य में 1,27,290 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिया गया, जो एक रिकार्ड है। जल जीवन मिशन संचालक आलोक कटियार ने बताया कि वर्तमान स्थिति में प्रतिदिन घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किए जाने की प्रगति के मामले में छत्तीसगढ़ राज्य ने कई राज्यों को पीछे छोड़ दिया है।

# स्वास्थ्य विभाग और टाटा ट्रस्ट ने मिलकर राज्य के 23 शहरी पीएचसी को बनाया मॉडल हमर अस्पताल

### राज्य में सीआईएनआई के मॉडल यूपीएचसी परियोजना का समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और टाटा ट्रस्ट की सहयोगी संस्था सीआईएनआई ने मिलकर प्रदेश के 23 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को मॉडल हमर अस्पताल के रूप में विकसित किया है। इन मॉडल हमर अस्पताल से स्थानीय लोगों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। इन 23 में से 14 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र से नवाजा जा चुका है।



टाटा ट्रस्ट ने नवा रायपुर के श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल के साथ मिलकर जन्मजात हृदय रोगों से पीड़ित बच्चों की स्क्रीनिंग एवं इलाज में भी सहयोग प्रदान किया है। ट्रस्ट के सहयोग से एक हजार बच्चों के ऑपरेशन हुए हैं। ट्रस्ट की मदद से चार शहरों जगदलपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव और रायपुर में जन्मजात हृदय रोगों के स्क्रीनिंग सेंटर भी संचालित हो रहे हैं। सीआईएनआई द्वारा छत्तीसगढ़ में संचालित मॉडल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और टाटा ट्रस्ट की सीएचडी परियोजना का समापन कार्यक्रम नवा रायपुर स्थित एक निजी होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी 23 मॉडल हमर अस्पतालों में कार्यरत स्टॉफको सम्मानित किया गया। अस्पताल स्टॉफ के लिए 'वर्कप्लेस हैप्पीनेस' पर कार्यशाला के साथ ही 'शहरी आबादी के बीच प्रायमरी हेल्थ केयर' विषय पर पैनल डिस्कशन भी इस दौरान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीआईएनआई द्वारा तैयार छत्तीसगढ़ में आदर्श हमर अस्पताल परियोजना पर आधारित पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

राज्य शासन के साथ साझेदारी में टाटा ट्रस्ट द्वारा छत्तीसगढ़ हेल्थ सिस्टम्स स्ट्रेंथनिंग इनिशिएटिव्ह के अंतर्गत वर्ष 2019 से मॉडल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परियोजना संचालित की जा रही थी। इसके तहत राज्य के 23 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बच्चों के अनुकूल मॉडल टीकाकरण कक्ष, रोगी-केंद्रित स्वास्थ्य केंद्र, डिजिटल तकनीकों के उपयोग, फॉर्मेसी सुदृढ़ीकरण, जांच व दवाईयों की संख्या बढ़ाने तथा वहां कार्यरत स्टॉफ की कार्यदक्षता बढ़ाकर मॉडल हमर अस्पताल के रूप में विकसित किया गया है। राज्य के अन्य शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी इसी तर्ज पर मॉडल हमर अस्पताल के रूप में विकसित किया जाएगा। टाटा ट्रस्ट ने स्वास्थ्य सुविधाओं को सभी के लिए सुलभ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत जन्मजात हृदय रोगों (सीएचडी) से पीड़ितों की शीघ्र पहचान और उपचार के लिए भी श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल के साथ मिलकर काम किया है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपन ने परियोजना के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में हमें अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं देनी हैं। स्वास्थ्य सबकी प्राथमिकता का क्षेत्र है। उन्होंने मॉडल हमर अस्पतालों में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे स्टॉफ को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों के फीडबैक से अन्य स्वास्थ्य केंद्रों की सेवाओं को भी बेहतर करेंगे। इसके लिए आप लोगों का इनपुट जरूरी है। उन्होंने टाटा ट्रस्ट और सीआईएनआई को प्रदेश में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती प्रदान करने में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। टाटा ट्रस्ट के वरिष्ठ स्वास्थ्य सलाहकार डॉ. सीता राम बुदराजू ने कार्यक्रम में कहा कि हम गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और किफायती बनाने का प्रयास करते हैं, खासकर वंचित समुदायों के लिए। इस उद्देश्य के साथ हम पिछले कुछ वर्षों से छत्तीसगढ़ सरकार के साथ काम कर रहे हैं। राज्य में 23 मॉडल हमर अस्पताल के नेटवर्क, डिजिटलीकरण और गुणवत्ता नियंत्रण के लिए सक्रिय निगरानी जैसे कार्यों ने इस पायलट परियोजना को सफल बनाया है। उम्मीद है हमारी यह पहल फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की क्षमता बढ़ाकर सेवा की गुणवत्ता बढ़ाने तथा नई-नई प्रौद्योगिकी के जरिए लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में मददगार होंगी।

स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. सुरेन्द्र पामभोई और सीआईएनआई के कार्यकारी निदेशक डॉ. गणेश नीलम ने भी परियोजना के समापन कार्यक्रम को संबोधित किया। रायपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक आनंद साहू, शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रदीप टंडन, विश्व स्वास्थ्य संगठन के उरिया नाग और टाटा ट्रस्ट के डॉ. अभिजीत चौधरी सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, टाटा ट्रस्ट तथा सीआईएनआई के कई अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

### इन अस्पतालों को विकसित किया गया है मॉडल हमर अस्पताल के रूप में

रायपुर के भनपुरी, भाठागांव, लाभांडी, राजातालाब, गुढ़ियारी, आमासिवनी, मठपुरैना, हीरापुर, कांशीराम नगर, देवपुरी, गोगांव शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, चरोदा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बूढ़ा महादेव शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कबीरधाम, बिलासपुर के गांधी चौक और राजकिशोर नगर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नवापारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंबिकापुर, कोरबा के ढोढ़ीपारा और गोपालपुर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, राम नगर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांकेर, बैकुंठधाम शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, न्यू खुर्सीपार शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पोटिया कला शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा इनमें से रायपुर के भनपुरी, भाठागांव, राजातालाब, आमासिवनी, मठपुरैना, हीरापुर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, चरोदा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बूढ़ा महादेव शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कबीरधाम, बिलासपुर के गांधी चौक और राजकिशोर नगर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नवापारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंबिकापुर, कोरबा के ढोढ़ीपारा और गोपालपुर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा राम नगर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांकेर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# ज्यादा एवोकाडो खाने से फायदे नहीं शरीर को हो सकती हैं ये सारी तकलीफें

## जाने क्या हैं इसके नुकसान



रैप्स से लेकर टोस्ट तक, सलाद से लेकर स्मूदी तक, एवोकैडो एक लोकप्रिय सुपरफूड के रूप में दुनिया भर में धूम मचा रहा है। एवोकाडो या बटर फ्रूट कई पोषक तत्वों का भंडार होता है। यह एक स्वादिष्ट और पौष्टिक फल है जिसे हम हेल्दी स्नैक, साइड डिश और सालाद के तौर पर खा सकते हैं। एवोकाडो हमारे बाल और स्किन के सेहत में सुधार करता है। इसके साथ ही यह डायबिटीज़, कैंसर, इनडायजेशन, और डायरिया जैसी समस्याओं और बीमारियों से राहत दिलाने में मदद करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दिन में अधिक एवोकाडो खाने से नुसकान भी हो सकते हैं। एक्सपर्ट्स दिन में आधा एवोकाडो खाने की सलाह देते हैं। विभिन्न हेल्थ प्रॉब्लम, लाइफस्टाइल और उम्र के आधार पर भी डायट में एवोकाडो की मात्रा में बदलाव किए जा सकते हैं। एवोकाडो खाने से इस तरह के नुकसान हो सकते हैं।

### वजन बढ़ना

एवोकाडो में कैलोरी और हेल्दी फैट्स की अच्छी मात्रा होती है। अगर आप बहुत ज्यादा एवोकाडो खाते हैं, तो आपका वजन बढ़ सकता है। एवोकाडो को सेहत के लिए एक सही मात्रा में खाने की सलाह दी जाती है।

### पाचन संबंधित समस्या

अगर आपको पाचन संबंधित समस्या है, जैसे कि गैस, पेट में दर्द या कब्ज, तो बहुत ज्यादा एवोकाडो खाने से इसकी तकलीफ बढ़ सकती है। एवोकाडो में डायटरी फाइबर होता है, जो अत्यधिक मात्रा में लिया गया तो पेट संबंधित तकलीफों का कारण बन सकता है।

### एलर्जिक प्रतिक्रियाएं

कुछ लोगों को एवोकाडो के प्रति एलर्जिक प्रतिक्रियाएं हो सकती हैं। एवोकाडो एलर्जी में जलन, खुजली, मुंह के अंदर सूजन या खुजलाहट, चिढ़चिढ़ाहट, या सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। अगर आपको एवोकाडो से किसी तरह की एलर्जिक प्रतिक्रिया हैं तो उसे अवॉइड करना चाहिए।

### खून पतला होने की संभावना

एवोकाडो में विटामिन- के की कमी होती है जो खून को जमने से रोकती है। अगर आप ब्लड थिनर्स जैसे दवाइयों का इस्तेमाल कर रहें हैं तो ज्यादा एवोकाडो खाना आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है।

### पीनट एलर्जी


कुछ लोगों को पीनट एलर्जी होती है और वो एवोकाडो से क्रॉस रिएक्ट कर सकती है। ऐसे में अगर आपको पीनट एलर्जी है तो आपको एवाकाडो के सेवन से बचना चाहिए।

### कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम हो सकता है

एवोकैडो का सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम हो सकता है। यदि आप इसे अधिक मात्रा में लेते हैं, तो यह आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। इसके साथ ही एवोकाडो का सेवन प्रेग्नेंट और ब्रेस्ट फीडिंग कराने वाली महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं माना जाता है।

हमेशा सामान्य मात्रा में एवोकाडो का सेवन करें। अगर आपको इसको खाने से किसी भी प्रकार की एलर्जी का आभास होता है तो तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करें। हर व्यक्ति की शारीरिक अवस्था और प्रतिरोध प्रणाली अलग होती है। इलसिए एवोकाडो के सेवन से पहले अपने स्वास्थ पर ध्यान दें।

# शॉर्ट के बटन खोलकर नेहा सिंह ने फ्लॉन्ट किया फिगर




सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नेहा सिंह आए दिन अपनी बोल्ड और सेक्सी फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर इंटरनेट पर सनसनी मचा देती हैं। उनके हर एक पोस्ट का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। ये ही नहीं उनका हर एक फोटोज और वीडियोज आते ही इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में नेहा सिंह ने बेहद सिजलिंग और हॉट फोटोशूट करवाया है, जिसमें उनका फिगर देख लोग आहें भरते नजर आ रहे हैं। इंटरनेट सेंसेशन नेहा सिंह की तस्वीरें आते ही सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल होने लगती हैं। उनकी हर एक तस्वीरों में हॉट लुक देखकर फैंस अक्सर अपने होश खो बैठते हैं।

हाल ही में नेहा सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से फैंस के बीच हलचल मचा दी है। इन तस्वीरों में नेहा सिंह ने डेनिम शॉर्ट पहना हुआ है। साथ ही शॉर्ट्स के बटन को ओपन किया हुआ है। नेहा सिंह ने इसके साथ व्हाइट कलर की मोनोकनी पहन कर शॉर्ट्स से टकइन किया है। आप देख सकते हैं नेहा सिंह ने अपनी इन फोटोज में बिन ब्रा पहने हुए बेहद ही बोल्ड पोज देते हुए अपना फिगर फ्लॉन्ट किया है। बताते चलें कि नेहा सिंह जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हालांकि उनका ये बोल्ड अवतार उनके लिए कभी भारी भी पड़ जाता है। नेहा सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर उन्हें 40 लाख से भी ज्यादा यूजर्स फॉलो करते हैं।

# एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने ब्लैक ब्रालेट पहन बढ़ाई धड़कनें



भोजपुरी एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने एक बार फिर से अपनी लेटेस्ट जबरदस्त पोस्ट फैंस के लिए इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देखकर फैंस की धड़कनें तेजी से बढ़ने लगी हैं। हालांकि लोग अपनी निगाहें उनकी फोटोज पर से हटाने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने एक बार फिर से अपनी अदाओं का कहर फैंस के बीच बरपा दिया है। वो हर बार अपने लुक्स के कारण सोशल मीडिया का तापमान गर्म करने में लगी रहती हैं।

इसी बीच एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींच लिया है। नम्रता मल्ला ने अपनी इन तस्वीरों में ब्लैक कलर की छोटी सी ब्रालेट पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपनी इन तस्वीरों में कैमरे के आगे अपना टोन्ड फिगर और क्लीवेज फ्लॉन्ट करते हुए नजर आ रहे हैं। ऐसा पहली बार नहीं है कि एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने अपनी बेहद बोल्ड तस्वीर पोस्ट की हो बल्कि इससे पहले भी कई बार अपनी हॉट फोटोज बिकिनी में शेयर की हैं। नम्रता मल्ला सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस की हर एक पोस्ट का फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है। बताते चलें एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर लाइक्स करते नहीं थकते हैं।

# लाल टमाटर से ज्यादा फायदेमंद है हरा टमाटर, सेहत के लिए होता है बेहद लाभकारी

टमाटर हमारी रसोई का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह एक ऐसी सब्जी है जो किसी नी किसी रूप में खाने में इस्तेमाल की जाती है। दाल से लेके घर की हर सब्जी में लाल टमाटर का इस्तेमाल किया जाता है। बाजार में हर छोटे-छोटे ठेले पर लाल टमाटर भारी मात्रा में मिलता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हरा टमाटर हमारी सेहत के लिए कितना फायदेमंद होता है? हरा टमाटर न केवल आपकी रोचकता बढ़ाता है, बल्कि इसको खाने से सेहत को भी कई लाभ होते हैं। यह विटामिन, खनिज और पौष्टिक तत्वों से भरपूर होता है, जो आपकी शारीरिक और मानसिक सेहत को अच्छा करने में मदद करते हैं। लाल टमाटर खाने वाले हरे टमाटर का फायदा सुन के हैरान हो जाएंगे।

असल में हरा टमाटर भी टमाटर का ही एक रूप है जो लाल टमाटर से थोड़ा अलग होता है। पोषण के मामले में हरे टमाटर का कोई जवाब नहीं। हरे टमाटर में विटामिन, फाइबर, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन समेत कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। हरे टमाटर में पाए जाने वाले पोषक तत्व आपको कई बीमारी से बचाने में सहायक भी होते हैं। आंखों की रोशनी से लेके शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत रखने में हरा टमाटर काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। लाल टमाटर के मुकाबले हरा टमाटर थोड़ा खट्टा होता है। कुछ लोग तो हरे टमाटर का आचार बनाना भी पसंद करते हैं। आइए जानते हैं हरा टमाटर खाने के फायदे।

**यहां कुछ मुख्य तत्वों के साथ हरे टमाटर के फायदे हैं-**

### विटामिन सी का स्त्रोत

हरा टमाटर विटामिन सी का एक अच्छा स्त्रोत है, जो आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है और संक्रमण से लड़ने में मदद करता है।

### फोलिक एसिड की भरपूरता

हरा टमाटर फोलिक एसिड की अच्छी मात्रा प्रदान करता है, जो गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह गर्भावस्था के दौरान शिशु के निर्माण के लिए आवश्यक है और न्यूरोलॉजिकल विकास को बढ़ावा देता है।

### लाइकोपीन का स्रोत

हरे टमाटर में लाइकोपीन मौजूद होता है, जो इसे लाल रंग देता है। यह एक प्रकार का कारोटेनोइड है जिसे एक प्राकृतिक पिगमेंट के रूप में माना जाता है।

### हड्डियों को मजबूत रखे



अगर आपकी हड्डियां कमजोर हैं और आपको लगातार बॉडी में दर्द रहता है तो आपको हरे टमाटर का सेवन करना चाहिए। दरअसल, हरे टमाटर में भरपूर मात्रा में विटामिन पाया जाता है जो हड्डियों को मजबूत कर उनकी डेंसिटी बढ़ाता है।

### ब्लड प्रेशर कंट्रोल करे

हरे टमाटर के सेवन से आपका ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल रह सकता है। असल में हरे टमाटर में सोडियम की मात्रा कम और पोटेशियम की मात्रा ज्यादा होती है। जिस वजह से आपका ब्लड प्रेशर कंट्रोल में हो सकता है।

### स्किन के लिए फायदेमंद

आपके स्किन के लिए हरा टमाटर एक वरदान के रूप में साबित हो सकता है। हरे टमाटर में मौजूद विटामिन-सी आपकी स्किन को लंबे समय तक जवां बनाए रखेगा।

# आखिर क्यों बढ़ रही है युवा पीढ़ी में मेमोरी लॉस की समस्या?



एक उम्र के बाद अक्सर हम किसी काम को करते समय भूल जाते हैं या याददाश्त कमजोर होने की परेशानी का सामना करते हैं. लेकिन आधुनिक जीवनशैली में युवा पीढ़ी के बीच मेमोरी लॉस की समस्या तेजी से बढ़ रही है. इसमें खराब लाइफस्टाइल मुख्य कारण हो सकता है. इसकी शुरुआत छोटी-छोटी चीजों से होती है और बाद में ना जाने किस हद तक आगे बढ़ जाती है. अगर आपके साथ भी ऐसा कुछ होता है तो आपको अपनी सेहत का थोड़ा सा ध्यान देने की जरूरत है. मेमोरी लॉस के पीछे कई कारण हो सकते हैं आइए ऐसी ही कुछ सामान्य आदतों के बारे में जानते हैं, जिसके कारण लोगों को याददाश्त से संबधित दिक्कतें हो सकती हैं.

### मेमोरी लॉस का कारण

**तनाव:-** आधुनिक जीवनशैली में तनाव और दबाव काफी आम हो गए हैं. इसके कारण, युवा लोग अक्सर मानसिक तनाव का सामना करते हैं, जो मेमोरी कमजोर होने का कारण बन सकता है.

**अनियमित और असंतुलित आहार:-** बढ़ती हुई तेजी और बिजी जीवनशैली के कारण, युवा पीढ़ी अक्सर अनियमित और असंतुलित आहार का सेवन करती है. ऐसे में, उन्हें आवश्यक पोषक तत्वों की कमी हो सकती है, जो मेमोरी के लिए आवश्यक होते हैं.

**नींद की कमी:-** युवा लोगों के बीच नींद की कमी भी आम हो गई है. अपर्याप्त नींद के कारण मेमोरी प्रभावित हो सकती है और याददाश्त में कमी हो सकती है.

**नशे की लत:-** शराब और सिगरेट को युवा स्टेटस सिंबल से जोड़कर इसके आदी होते जा रहें हैं. शुरुआत में इसके प्रभाव के बारे में पता नहीं चलता है लेकिन धीरे-धीरे ब्रेन में डोपामाइन नामक न्यूरोट्रांसमीटर का स्त्रोत कम होने लगता है. डोपामाइन का मेन काम शरीर की कार्यप्रणाली को सही तरीके से चलाना है. ज्यादा शराब या सिगरेट पीने से डोपामाइन की कमी हो सकती है जिसकी वजह से याददाश्त कमजोर हो सकती है.

**मोबाइल का अधिक प्रयोग:-** कम्प्यूटर और मोबाइल का अधिक प्रयोग भी मेमोरी लॉस की वजह हो सकती है. इससे निकलने वाली रेज ब्रेन के सिस्टम को बिगाड़ सकती है. ऐसे में मेलोट्रिनिन नामक न्यूरोट्रांसमीटर का स्त्राव बहुत कम हो जाता है जिससे उनमें अनिद्रा की दिक्कत होने लगती है जो आगे चलकर याददाश्त को कमजोर करती है.

**जंक फूड है जिम्मेदार:-** जंक फूड ज्यादातर ऊपर से तैयार किया जाता है और इसमें पोषक तत्वों की कमी होती है. इसमें विटामिन, मिनरल, एंटीऑक्सिडेंट्स और दूसरे पोषक तत्व, जो दिमाग के लिए जरूरी होते हैं, बहुत कम मात्रा में पाए जाते हैं. ऐसे पोषक तत्वों की कमी दिमाग को सही तरीके से काम करने को असमर्थ कर सकती है. जंक फूड ज्यादातर व्यंगान, चीनी, तेल और आपके लिए हानिकारक फैट्स से भरा होता है जो की मोटापा का कारण भी हो सकता है.

### इस तरह बनाए अपनी याददाश्त तेज

- विटामिन- बी का ध्यान रखें
- पॉलीफेनोल का ध्यान रखें
- बेसिल सीड्स खाएं
- मैग्नीशियम मेमोरी को बनाएगा शार्प
- ब्रेन से जुड़ी एक्सरसाइज करें
- हर्ब्स और मसालों से बढ़ाएं याददाश्त
- मेडिटेशन रहेगा मददगार

ये सभी तरीका आपकी मेमोरी को ठीक करने में बेहतर साबित हो सकते हैं. इस बात का खास ध्यान दें कि अपनी डाइट में किसी भी प्रकार का बदलाव करने से पहले एक्सपर्ट की राय जरूर लें.

# नए गाने यार का सताया हुआ है में शहनाज के साथ नजर आएंगे नवाजुद्दीन





एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी और शहनाज गिल ने अपकमिंग ट्रैक यार का सताया हुआ है का पोस्टर रविवार को लॉन्च किया है। उन्होंने पोस्टर को लॉन्च करते हुए जो कैप्शन दिया है उससे लगता है कि गाना प्यार और धोखे के बारे में है।

पोस्टर में एक्टर नवाजुद्दीन को नए लुक में देखा जा सकता है। यह पहली बार होगा जब दोनों स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। एक्टर नवाजुद्दीन ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए इसे कैप्शन दिया, मैं पागल हूं, और बहुत पागल, पर ये भी बात है कि दिल सच्चा है, छीन तो लेता तुझे सरेआम मैं, पर मसला ये है कि शौहर तेरा आदमी अच्छा है।

नवाजुद्दीन का यार का सताया हुआ है जोहराजबीं एल्बम का गाना है और इसे बी प्राक ने गाया है। गाना 3 जुलाई को रिलीज होगा। इससे पहले नवाजुद्दीन का पहला म्यूजिकल एल्बम बारिश की जाए गाना भी धमाल मचा चुका था और उसे दर्शकों का खूब प्यार मिला था। इसके अलावा, नवाजुद्दीन के पास फिल्मों की एक दिलचस्प लाइनअप है, जिसमें नूरानी चेहरा, हड्डी और अदभुत शामिल हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बैन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### कबीरधाम जिले के 1,13,351 किसानों के बैंक खाते में 79 करोड़ 55 लाख 69 हजार रूपए का हुआ भुगतान

**रायपुर।** राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत खरीफवर्ष 2022 में पंजीकृत कबीरधाम जिले के 1,14,121 किसानों में से 1,13,351 किसानों को प्रथम किस्त के रूप में 79 करोड़ 55 लाख 69 हजार रूपए का भुगतान उनके बैंक खातों में किया जा चुका है। भूईया पोर्टल एवं बैंक खाता विवरण में त्रुटि होने की वजह से मात्र 770 किसानों का भुगतान लंबित है। कृषि विभाग द्वारा लंबित भुगतान के निराकरण के लिए किसानों के बैंक खाता विवरण में संशोधन, सुधार एवं सत्यापन का कार्य सहकारी समितियों के माध्यम से तेजी से कराया जा रहा है। सत्यापन उपरांत किसानों का लंबित भुगतान जारी कर दिया जाएगा। संचालक कृषि श्रीमती रानू साहू ने बताया कि शासन को यह शिकायत प्राप्त हुई थी कि कबीरधाम जिले में 51 हजार किसानों के बैंक खाते में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की प्रथम किश्त की राशि नहीं आयी है। प्रारंभिक जांच में यह शिकायत भ्रामक पायी गयी है। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत खरीफवर्ष 2022 में जिले के पंजीकृत 1,14,121 कृषकों में से 1,13,351 किसानों को 79 करोड़ 55 लाख 69 हजार रूपए का भुगतान अपेक्स बैंक के माध्यम से किसानों के खाते में किया जा चुका है। मात्र 770 किसानों का भुगतान विभिन्न कारणों जैसे- भूईयो पोर्टल एवं बैंक खाता विवरण में त्रुटि होने का कारण लंबित है। लंबित भुगतान को जारी करने के लिए किसानों के बैंक खाता विवरण में संशोधन एवं सत्यापन का कार्य संबंधित सहकारी समितियों के माध्यम से कराया जा रहा है। सत्यापन उपरांत लंबित राशि का भुगतान संबंधित किसानों के बैंक खाते में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भूईया पोर्टल में त्रुटि के कारण लंबित भुगतान के मामले में किसानों के सत्यापन हेतु संबंधित तहसीलदारों को पोर्टल का लॉगिन दिया जा रहा है, जिससे तहसीलदार किसानों के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे।

### नारायणपुर को देश के आकांक्षी जिलों में दूसरा स्थान

**रायपुर।** जल जीवन सर्वेक्षण 2023 में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले ने देश के 43 आकांक्षी जिलों में दूसरा स्थान हासिल किया है। नारायणपुर जिले को यह गौरवपूर्ण रैंकिंग बीते छह माह के दौरान जल जीवन मिशन के कार्यों के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए मिली है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने नारायणपुर जिले की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए जल जीवन मिशन के कार्यों के क्रियान्वयन में जुटे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी है। गौरतलब है कि एक अक्टूबर 2022 से 31 मार्च 2023 तक हुए जल-जीवन सर्वेक्षण 2023 में नारायणपुर को देश के आकांक्षी जिलों में दूसरा स्थान मिला है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्यों को तेजी से पूरा कराया जा रहा है। आकांक्षी जिले के रूप नारायणपुर को मिली यह उपलब्धि प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण है। उन्होंने कहा है कि जल जीवन मिशन में छत्तीसगढ़ राज्य की प्रगति की सराहना पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार ने की है। राज्य में अब तक 25 लाख से अधिक परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदान कर राज्य ने 50 फीसद से अधिक का लक्ष्य पूरा कर लिया है। बीते एक पखवाड़े में एक लाख 27 हजार से अधिक ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किए जाने की उल्लेखनीय उपलब्धि भी छत्तीसगढ़ ने हासिल की है।

### नीट की परीक्षा की तैयारी कर रहे प्रतिभावान विद्यार्थियों से मिले कलेक्टर

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में नीट की परीक्षा की तैयारी कर रहे प्रतिभावान विद्यार्थियों से मिले। उन्होंने इन विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं और आशीर्वाद देते हुए कहा की हर परिस्थिति में अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए संकल्पित भावना के साथ मन लगाकर मेहनत करें। कलेक्टर ने नीट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें आगे और बेहतर तैयारी करने कहा। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए पढ़ाई के संबन्ध में जरूरी टिप्स दी। उन्होंने आने वाले समय में पढ़ाई के बीच आने वाले कठिनाई का डटकर सामना करने का मूलमंत्र दिया। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए अनेक कठिनाइयां और चुनौतियां जीवन में आती रहती हैं। उन्होंने कहा कि हमें इन चुनौतियों का सामना करते हुए अपने लक्ष्य को केंद्रित कर निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि जीवन में हर सफल व्यक्ति को अनेकों परिस्थितियों से गुजरना होता है। उन्होंने कहा कि हमें सफल व्यक्तियों के जीवन से प्रेरणा और सीख लेते हुए आगे बढना चाहिए। जीवन में चुनौतियां आते-जाते रहती है, इससे कभी भी ना ही घबराना चाहिए और ना ही हताश होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है।

# कैट ने राष्ट्रीय व्यापारी दिवस मनाया-अमर पारवानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट सी.जी. चैप्टर ने दानवीर भामाशाह की जयंती को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया। साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। उपरोक्त बैठक में कैट सी.जी. चैप्टर के सभी जिला ईकाईयां के पदाधिकारी एवं व्यापारीगण शामिल हुए।**



सर्वप्रथम कैट के राष्ट्रीय वरष्ठि उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने दानवीर भामाशाह जी तस्वीर पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्जवलित किया गया। तत्पश्चात् कार्यक्रम के संचालक कैट के प्रदेश महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह ने सभी सदस्यगण एवं प्रदेश आये सभी कार्यकारिणी सदस्यों स्वागत एवं अभिनदंन किया। अमर पारवानी ने कहा कि हम सभी व्यापारी इस मंच पर दानवीर श्री भामाशाह की जयंती मना रहे है। पिछले तीन वर्ष पूर्व करोना काल के जिस दौर से हम सभी व्यापारी गुजरे है, उसे भुलाना शायद मुश्किल है।

उस कठिन समय में हम सभी व्यापारी ने अपने देश के लिए जो बना पड़ा वो सहयोग किया। उस समय को याद करते हुए आज मुझे हर व्यापारी मे दानवीर श्री भामाशाह नजर आता है। उन्होनें आगे कहा कि आज हम आजादी के अमृत महोत्सव मना रहे है। श्री पारवानी ने आगे कहा कि व्यापारियों को मुद्रा लोन योजना का लाभ अवश्य लेना चाहिए। बैक छोटे व्यापारियों को बिना गांरटी के 10 लाख रूपये तक लोन देती है। छोट व्यापारियों को इसका लाभ उठाना चाहिए। कैट सभी व्यापारिक संगठनों से अपील करती है। कि समय-समय पर अपने संगठनों मे मुद्रा लोन का शिविर लगाना चाहिए। उन्होने आगे कहा कि सभी व्यापारियो को एमएसएमई मे उद्यम आधार पंजीयन करवाना चाहिए। उन्होनें पंजीकरण के लाभ की जानकारी दी जो निम्नानुसार है 1. बैंक द्वारा कम ब्याज दर पर प्राथमिकता में बिना गैरंटी के क़र्ज़ दिया जाएगा 2. विदेश में ट्रेड एक्स्पो के लिए वित्तीय मदद 3. कई प्रकार के सरकारी सब्सिडी पाने विशेष पहुँच 4. सूक्ष्म व्यापार क़र्ज एवं अन्य सम्बंधित स्कीम् के लिए आवेदन करने की योग्यता 5. सरकारी प्रावधान व्यापार बढ़ाने हेतु सरल पहुँच। एमएसएमई से मिलने वालो लाभो को हर व्यापारियों को लेना चाहिए।

कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि आज 28 जून को दानवीर श्री भामाशाह जी की जयंती को पूरे देश में राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी में आज कैट सी.जी. चैप्टर ने इस दिन को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक रखी गई थी जिसमें कैट सी.जी. चैप्टर के जिला इकाईयों बिलासपुर , दुर्ग, राजनांदगांव, भाठापारा, तिल्दा, कोरिया, अभनपुर, कांकेर सहित सभी जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए।

कैट सी.जी. चैप्टर के कार्यकारी अध्यक्ष परमानन्द जैन ने बताया कि भामाशाह (1547 - 1600) बाल्यकाल से मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप के मित्र, सहयोगी और विश्वासपात्र सलाहकार थे। जब एक समय में महाराणा प्रताप अपना किला हार गए थे।

इस समय महाराणा प्रताप अपने परिवार के साथ पहाडियो में धूम रहे थे। तब भामाशाह ने अपनी मातृभूमि की रक्षा करने के लिए भामाशाह ने अपनी धन दौलत सारी महाराणा प्रताप को दे दी थी। इसके बाद महाराणा प्रताप ने एक नया सैन्य सगठित किया ।

नया भारत उत्सव का आयोजन एनआईटी रायपुर में सम्पन्न

## सांसद सोनी ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में पढ़ने वाले युवाओं से किया संवाद



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर( पीआईबी )।** केंद्र सरकार को 9 साल पुरे होने के उपलक्ष्य में नया भारत उत्सव के अंतर्गत युवा संवाद कार्यक्रम में आज रायपुर के सांसद सुनील सोनी ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान मे (एनआईटी) पढ़ने वाले छात्र युवाओं से संवाद किया । इस कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथी के तौरपर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छत्तीसगड प्रमुख डॉ. पुर्णेंदु सक्सेना, शिक्षा विद डॉ. जवाहर सेट्टी और एनआईटी संस्था के प्रभारी निदेशक डॉ. आर. के. त्रिपाठी मौजूद थे।

इस युवा संवाद कार्यक्रममें राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्था मे पढ़नेवाले युवाओं ने सांसद सोनी से केंद्र सरकार की अलग अलग योजनाएँ, कार्यक्रम, नितियां और उपलब्धियों के बारे में कई सवाल किये। जिसके जबाब उन्होंने दिये।

देश के विदेश नीति के बारे में छात्रो द्वारा पुछे गये सवाल पर जवाब देते हुए सांसद सोनी ने भारत की प्रतिष्ठा विदेशों मे बढ़ गयी है, और अमरिका जैसे महासत्ता भी भारत का महत्त्व जान गयी है। पिछले नौ साल में केंद्र सरकारने स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन- हर घर नल जैसी योजनाओं के माध्यमसे देश के ग्रामीण क्षेत्रमें आमुलाग्र परिवर्तन किया है ।

अबतक 9 करोड परिवारोंके घरोंमें नल द्वारा पिने का पानी मुहैया किया जा रहा है और अगले 2024 के अंत तक देश के सभी घरोंमें नल द्वारा पानी देने का लक्ष्य है । उन्होंने बताया की, बिमार होने पर पाच लाख रुपयोंतक मुफ्त इलाज करने का प्रावधानवाली आयुष्यमान भारत जैसे स्वास्थ्य योजनाने आम आदमी के जीवन में सुखभरे दिन लाये है।

उज्जवला योजना के कारण पैसेवालों के घरमें दिखनेवाला रसोई चुल्हा और गॅस अब घर-घर पहुंच गया है।

## सम्भागायुक्त भीम सिंह ने किया विभिन्न कार्यालयों का सघन निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** बिलासपुर संभाग के सम्भागायुक्त भीम सिंह ने आज जिले के प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यालयों एवं मतदान केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया और लोकहित से जुड़े कार्यों को और अधिक सरलीकृत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान आयुक्त श्री सिंह ने मतदान केन्द्र धोबनीडीह, शासकीय स्कूल सारंगढ़ सहित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय, तहसील कार्यालय, उप पंजीयक एवं जिला कोषालय सहित जिला कार्यालय (कलेक्टोरेट) का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों की विभिन्न शाखाओं में संधारित पंजियों व दस्तावेजों का गहन निरीक्षण किया और राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी व अन्य संबंधित अधिकारियों को दिए।

सम्भागायुक्त श्री सिंह आज दोपहर 12 बजे ग्राम धोबनीडीह पहुंचे, जहां पर मतदान केन्द्र में दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प एवं शौचालय की उपलब्धता की जानकारी ली। साथ ही वहां पर मौजूद



बीएलओ से सर्वे की पूर्णता के बारे में भी पूछा। इसके अलावा उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताओं को लाने ले जाने की सुविधा सहित विभिन्न सेवाओं के बारे में बीएलओ को बताया। तत्पश्चात दोपहर एक बजे जिला मुख्यालय के खेलभाठा परिसर में मतदान केन्द्र क्रमांक 167 का निरीक्षण कमिश्नर श्री सिंह के द्वारा किया गया तथा उक्त केन्द्र में आने वाले मतदाताओं की जानकारी बीएलओ से ली। साथ ही नए मतदाताओं के नाम जोड़ने व निर्वाचन नामावली सूची में संशोधन प्रक्रिया के बारे में भी पूछा। इसके बाद वे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर कक्षा 12वीं विज्ञान के छात्र-छात्राओं से रू-ब-रू हुए और बेहतर ढंग से पढ़ाई करने की नसीहत दी।

# मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूल भवनों का हो रहा कायाकल्प

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा। शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत अब जिले के स्कूल संवारने लगा है। जिले में योजना अंतर्गत शाला भवन मरम्मत नवीनीकरण एवं जीवणोद्धार कार्य के साथ अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराया जा रहा है, जिसके लिए राज्य शासन से इन कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुई थी।**



शाला भवन मरम्मत नवीनीकरण एवं अतिरिक्त कक्ष के कुल 663 कार्य लागत राशि 25 करोड़ 44 लाख 32 हजार रुपए स्वीकृत किया गया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार भवन मरम्मत के कार्यों में से 86 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। वही 301 कार्य प्रगति पर है जिसमें से 120 कार्य 30 जून तक पूर्ण हो जाएगा। शेष 284 मरम्मत कार्य लगभग पूर्णता की ओर है, जिसे 10 जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा। शेष 46 कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश विभाग को दिए गए हैं। इसी तरह 120 अतिरिक्त कक्ष निर्माण भी जोरो से चल रही है जिसे 15 सितंबर तक विभाग द्वारा पूर्ण कर लिया जाएगा एवं 7 ऐसे कार्य हैं जिन्हें निरस्त किया गया। कलेक्टर जनमेजय महोबे द्वारा मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्वीकृत प्रगतिरत कार्यो की नियमित समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर ने हाल ही में कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया और सहसपुर लोहारा विकासखण्ड स्तर पर मैदानी अमले की संयुक्त बैठक लेकर मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के कार्यो को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए है। इसके लिए नियमित मानिटरिंग के लिए बैठक आयोजित कर निर्देशित किया गया है। जिला स्तर से जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक एवं समस्त विकासखंड स्तर के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य के लिए सतत निगरानी करने निर्देशित किया गया है तथा कार्य एजेंसी विभाग को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्णता के लिए निर्देश दिए गए है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा के मद से शाला भवनों का मरम्मत एवं नवीनीकरण जैसे कार्य हो रहे हैं। जिससे कि बच्चों को शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण मिल सके। गौरतलब है कि स्वीकृत सभी कार्यों को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के द्वारा कराया जा रहा है जिनमें से बहुत से कार्य पूर्ण होकर स्कूल प्रारंभ किया जा चुका है। शेष बचे कार्य भी लगभग पूर्णता की ओर है। स्कूलों का संचालन नियमित रूप से किया जा रहा है एवं जिन स्थानों में मरम्मत का कार्य प्रगति पर है वहां वैकल्पिक व्यवस्था के तहत स्कूल का संचालन निरंतर जारी है।

# व्यवसायिक परिसर निर्माण कर गांव में रोजगार के अवसरों को बढ़ाया जा रहा-मंत्री अकबर

**मंत्री मोहम्मद अकबर ने 17 लाख 84 हजार रूपए की लागत से व्यवसायिक परिसर का लोकार्पण किया**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम खारा में रोजगार के अवसर को बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत 17 लाख 84 हजार रूपए की लागत से व्यवसायिक परिसर की सौगात दी।**




उन्होंने व्यवसायिक परिसर का विधिवत लोकार्पण किया। उन्होंने इसके लिए क्षेत्रवासियों को बधई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संबंधित ग्राम के सरपंच, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कैबिनेट मंत्री एवं कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास अंतर्गत व्यवसायिक परिसर निर्माण कर गांव में रोजगार के अवसरों को बढ़ाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार बढ़ने से गांव का आर्थिक विकास होगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और अधोसंरचना निर्माण के लिए कार्य किए जा रहे है। जिससे क्षेत्र का विकास हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में पुराने प्रचलित पारंपरिक व्यवसायों को जीवित रखने पौनी पसारी योजना की शुरूआत की गई है। इसके अंतर्गत पक्का शेड, चबूतरा आदि का निर्माण कराया गया है, ताकि पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े लोगों को सुविधा हो सके और वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सके। छत्तीसगढ़ में पौनी पसारी की परंपरा पुरातन काल से चली आ रही है, जिसे सहेजने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने इस योजना की शुरूआत की है। उन्होंने बताया कि पौनी पसारी योजना छत्तीसगढ़ की प्राचीन परंपरा के व्यवसायों को नवजीवन प्रदान कराने में सहायक है।

### प्लेसमेंट कैम्प 3 जुलाई को, 100 पदों पर होगी भर्ती

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में जिले में युवाओं को रोजगार से जोडऩे के लिए लगातार प्लेसमेंट कैंप और काउंसलिंग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके माध्यम से हितग्राहियों को निजी क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने का मौका मिले। इसी कड़ी में आगामी 3 जुलाई को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 100 पदों पर भर्ती की जायेगी। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी रामजीत राम ने बताया कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले युवाओं तथा सभी श्रेणी के आवेदकों के लिए निजी क्षेत्र की रिक्तियों में 3 जुलाई 2023 को प्रात:10 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से मेसर्स चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्रा.लि.रायगढ़ में कस्टमर रिलेशनशिप ऑफिसर के लिए 50 पदों पर भर्ती की जाएगी।


















## खास-खबर

### 50 किलो गांजा सहित कोरबा जा रहे तीन लोग गिरफ्तार

**रायगढ़ (ए)।** सारंगढ़ जिले की सरिया पुलिस ने कंचनपुर बैरियर के नजदीक मंगलवार की शाम को मुखबिर की सूचना पर तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही आरोपियों के कब्जे से 50 किलो गांजा बरामद किया गया है। ये लोग ओडिशा से गांजा लेकर आ रहे थे। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपियों को रिमांड पर जेल भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक सरिया पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली कि दो-तीन युवक एक कार में ओडिशा से गांजा लेकर सरिया के रास्ते कोरबा जाने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस कंचनपुर बैरियर के पास तैनात हुई। थोड़ी ही देर में एक सिल्वर कलर की कार सीजी 12 बीके 3474 वहां पहुंची। पुलिस ने ड्राईवर को कार साइड में खड़ी करने के लिए कहा। पुलिस ने कार की जांच की तो कार में पांच सफेद रंग की बोरी मिली। इसे खुलवाकर देखने पर एक-एक किलो की पैकिंग में गांजा मिला।

कार में सवार बाकीमोगरा कोरबा का सेतराम संडेल (52), करतला का मनोज कुमार केंवट (35) और कटघोरा का गोकुल सिंह नायक थे। पूछताछ करने पर तीनों ने ओडिशा से गांजा लेकर कोरबा जाने की बात कही। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ 50 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। सरिया, बरमकेला, डोंगरीपाली इलाके से ओडिशा से छत्तीसगढ़ के राज्यों के साथ मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश तक गांजे की तस्करी होती है।

### कोयले में मिलावट करने वाले ड्राइवर पर जुर्म दर्ज

**रायगढ़।** गारे पेलमा से घरघोड़ा साइडिंग के लिए रवाना हुए ट्रेलर के ड्राइवर ने रास्ते में अच्छा कोयला बेच दिया। रेलवे साइडिंग के सेक्योरिटी कर्मचारी से जानकारी मिलने के बाद ट्रांसपोर्टर ने ड्राइवर के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक बारबरिक प्रोजेक्ट लिमिटेड नामक ट्रांसपोर्ट कंपनी गारे पेलमा-3 सीएसपीडीसीएल खदान से कालरीस लिमिटेड के लिए ट्रांसपोर्टिंग करती है।

कंपनी के तहत चलने वाले ट्रेलर सीजी-15 एसी 4658 का मालिक और चालक इम्तियाज अंसारी 22 जून दोपहर लगभग 1 बजे लगभग 51 हजार रुपए का 31.23 टन कोयला लोड कर घरघोड़ा रेलवे साइडिंग के लिए निकला। 23 जून सुबह 6 बजे ट्रेलर अनलोड करने साइडिंग पहुंचा। तभी सेक्योरिटी डिपार्टमेंट से मिलावटी घटिया कोयला लेकर आने का पता चला। साइडिंग में कर्मचारी जांच कर रहे थे, तभी ड्राइवर ट्रेलर छोड़कर भाग गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# फेसबुक के दोस्त ने कहा और किशोरी ने कर ली खुदकुशी, डेढ़ साल बाद यूपी से पकड़ाया आरोपी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नेवई थाना क्षेत्र में डेढ़ साल पहले हुई एक आत्महत्या की घटना के मामले में पुलिस ललितपुर उत्तर प्रदेश से आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक ने किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाया था। मृतका के मोबाइल जांच से पुलिस को युवक की करतूत का पता चला और उसकी तलाश शुरू की गई। आरोपी पुलिस से बचने के लिए मोबाइल का सिम तोड़कर फरार हो गया था। लगातार पतासाजी के बाद पुलिस को सफलता मिली और ललितपुर यूपी से आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया।




मिली जानकारी के अनुसार नेवई भाटा निवासी एक किशोरी ने आज से लगभग डेढ़ साल पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। नेवई पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की। जांच के दौरान मृतका के मोबाइल से पुलिस को राजा नाम के युवक के बारे में पता चला। युवक ने किशोरी के मैसेज कर आत्महत्या के लिए उकसाया था जिसके कारण किशोरी ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मोबाइल नंबर पर कॉल किया तो वह बंद आ रहा था। इसके बाद से पुलिस लगातार आरोपी युवक की तलाश कर रही थी।

इसके बाद साइबर सेल की टीम को आखिरकर उसकी लोकेशन ट्रेस करने में सफलता मिली। आरोपी युवक की लोकेशन ललित पुर यूपी का पाया गया। लोकेशन के आधार पर 25 जून को एक टीम ललिलपुर के लिए रवाना किया गया। आरोपी के टावर लोकेशन के आधार पर जिला ललितपुर उत्तरप्रदेश पहुंची पुलिस ने जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने अपना नान राजा सिंह उर्फ राजा पिता देवेन्द्र सिंह (19) निवासी राम नगर वीआईपी मोटर्स के पीछे ललितपुर जिला ललितपुर थाना कोतवाली रहने वाला बताया।

घटना को लेकर आरोपी ने बताया कि वह भिलाई 03 हथखोज में रहकर पढाई करता था। फेसबुक के माध्यम से उसका मृतिका से परिचय हुआ। इसी दौरान आपस में दोनो की बातचीत होती थी। इसके बाद वह मृतका से पीछा छुड़ाने की कोशिश में लग गया। इस वजह से उसने वाट्सएप के माध्यम से किशोरी के मोबाइल में ऐसे मैसेज भेजने लगा जिससे कि वह अपनी जान ले ले। इसके बाद उसे पता चला कि किशोरी ने आत्महत्या कर ली है। इसकी जानकारी मिलने के बाद वह घबरा गया और मोबाइल का सिम तोड़ने के बाद अपने घर ललितपुर चला आया। नेवई पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

# ट्रैक्टर और बाईक में टक्कर 2 की मौत, 1 गंभीर

**रायगढ़ (ए)।** मंगलवार शाम खरसिया के डभरा रोड में ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने की घटना में मोटर सायकिल सवार दो युवकों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई तो उनके तीसरे गंभीर साथी को मेकाहारा रेफर किया गया है। यामाहा से टकराने के बाद रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली खेत में जा पलटी। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक फरार है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खरसिया के रानीसागर में रहने वाला 19 वर्षीय राजा उर्फ प्रकाश यादव अपनी चमचमाती यामाहा आर-15 मोटर सायकिल (क्रमांक-सीजी 13 एयू 9357) में रानीसागर के सरोज पटेल पिता किरोड़ी पटेल (20 साल) तथा कुनकुनी निवासी देवनारायण डनसेना आत्मज बॉबी लाल (18 वर्ष) के साथ मंगलवार शाम खरसिया था। तकरीबन साढ़े 5 बजे खरसिया से रानीसागर वापसी के दौरान डभरा रोड में पुल के पास विपरीत दिशा से रेत लेकर आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली



ने ठोक दिया। यामाहा को अपनी चपेट में लेने के बाद अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे खेत में जाकर पलट गई। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर से सकुशल बचने वाला आरोपी चालक जब खेत से ऊपर रोड में पहुंचा तो बाईक सवारों को रक्तरंजित हालत में बेसुध पड़े देख वह डर के मारे नौ दो ग्यारह हो गया। चूंकि, इस हादसे में सिर फटने और आंख के नीचे का चेहरा क्षत-विक्षत होने से देवनारायण तथा सरोज की घटना स्थल पर ही जान चली गई।

वहीं, राजा के दाहिने घुटने के अलावे शरीर के भीतरी हिस्सों में गंभीर चोटें आने पर वह असहाय पड़ा रहा। राहगीरों ने मौके की नजाकत को भांप 112 नंबर डायल कर मदद की मांग की। दूसरी तरफ खरसिया थाना प्रभारी आशीर्वाद राहटगांवकर को रोड एक्सीडेंट की खबर लगी तो उन्होंने सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मीनारायण राठौर के साथ मातहत स्टॉफ को भेजा।

# घर से भगाकर युवती से रेप: प्रेग्नेंट हुई तो छोड़ दिया, झारखंड का आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर/कोंडागांव (ए)। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में एक युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि, झारखंड के एक युवक ने पहले उसे प्यार के जाल में फंसाया, फिर शादी करने का झांसा देकर घर से भगाकर लर गया। जिसके बाद उसका कई बार रेप किया। जब युवती गर्भवती हुई तो युवक ने शादी से इनकार कर दिया। अब युवती की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कोंडागांव सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।




जानकारी के मुताबिक, झारखंड का रहने वाला युवक मनोज कुमार राठौर पिछले कुछ दिनों से कुछ काम से कोंडागांव में ही रह रहा था। इलाके की एक युवती से इसकी दोस्ती हुई। दोनों के बीच काफी बातें भी हुआ करती थी। दोस्ती प्यार में बदली। फिर शादी का वादा कर कुछ दिन पहले युवक, युवती को भगाकर ले गया। कुछ दिनों तक दोनों साथ में भी थे। जिसके बाद युवक ने बार-बार दुष्कर्म किया। जब युवती शादी के लिए कहती तो कुछ दिनों में करेंगे कहता था।

इसी बीच युवती गर्भवती हो गई। जब उसने इस बात की जानकारी अपने युवक को दी तो उसने उसे छोड़ दिया। शादी करने से मुकर गया। जिसके बाद युवती फौरन कोंडागांव सिटी कोतवाली पहुंची। जिसके बाद उसने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। इधर, पुलिस अफसरों ने बताया कि, शिकायत के बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसे एक दिन पहले कोर्ट में पेशकर जेल भी भेज दिया है।

### जगदलपुर में विधवा के साथ हुआ गैंगरेप

26 जून को बस्तर जिले के मारडूम थाना क्षेत्र में एक गांव में शौच करने गई विधवा महिला से गैंगरेप हुआ था। बताया जा रहा है कि, रात के अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ युवकों ने महिला के मुंह को बांधा और फिर घसीट कर झाड़ियों की तरफलेकर गए थे। फिर एक-एक कर महिला का गैंगरेप किया था। वारदात के बाद महिला बेहोश हो गई थी। जिसे घायल अवस्था में छोड़कर युवक फरार हो गए थे।

# युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी: शादी का कार्यक्रम छोड़कर नागपुर से आया घर, फिर झूल गया फंदे पर

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में 22 वर्षीय बंटी यादव ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बंटी घर का इकलौता बेटा था और मेडिकल स्टोर में काम करता था। पुलिस की प्राथमिक जांच में आया है कि बंटी का किसी लड़की से प्रेम संबंध था। उससे ब्रेकअप होने के बाद से वो दुखी था। उसी गम में उसने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मोहन नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक युवक दुर्ग के आमापारा का रहने वाला था। बुधवार रात उसका शव पंखे में लगे फंदे से लटकते मिला। बंटी दुर्ग के कृष्णा मेडिकल में काम करता था। उसके पिता टेंट हाउस में काम करते थे। 25 जून को बंटी अपनी मां के साथ नागपुर रिश्तेदारों के यहां



शादी कार्यक्रम में गया था। उसके पिता टेंट हाउस के काम से बाहर गए थे। मां को शादी में छोड़ने के बाद बंटी 26 जून को नागपुर से दुर्ग आ गया। 28 जून के बाद के बाद से उसकी किसी से बात नहीं हुई। 28 की रात जब माता पिता घर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। धक्का देकर खोला तो अंदर बंटी फंदे पर लटका हुआ था। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। बंटी दुर्ग के कृष्णा मेडिकल में काम करता था। जब वो दो दिन ड्यूटी पर नहीं पहुंचा और उसका फोन नहीं उठा तो मेडिकल स्टोर संचालक ने उसके माता पिता को फोन लगाया। उन्होंने बताया कि वो 26 जून से घर पर ही है। इसके बाद माता पिता बुधवार देर शाम घर पहुंचे तो चौकाने वाली हकीकत पता चली।

# ब्रांडेड कंपनी के डुप्लीकेट शॉप में छापा: बिलासपुर के एसएस कलेक्शन में बिक रहा था कपड़ों का नकली उत्पाद, लाखों का माल जब्त

बिलासपुर (ए)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में ब्रांडेड कंपनी के नाम से डुप्लीकेट कपड़ों की बिक्री की जा रही थी, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने एसएस कलेक्शन में छापेमारी कर संचालक को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में दुकान से लाखों रुपए का ब्रांडेड कंपनी के कपड़ों का नकली उत्पाद बरामद किया गया है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

टीआई प्रदीप आर्य ने बताया कि मुंबई निवासी दीपेश गुप्ता (30) नेत्रिका कंसल्टिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सीनियर फील्ड मैनेजर और जांच अधिकारी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि, पुराना बस स्टैंड कश्यप कॉलोनी स्थित एसएस कलेक्शन में लिवाइस कंपनी के नाम से डुप्लीकेट कपड़े बेचे जा रहे हैं, जिसकी शिकायत पर कंपनी की तरफ से उन्होंने जांच की है।

कंपनी के नाम से नकली उत्पाद बेचने वाले तेलीपारा निवासी दुकान संचालक विजय कुमार आडवानी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। उनकी शिकायत पर पुलिस ने कंपनी के अधिकारियों के साथ एसएस कलेक्शन में दबिश दी, जहां लिवाइस कंपनी के डुप्लीकेट कपड़ों को जब्त किया गया। संचालक विजय कुमार आडवानी (50) को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कॉपी राइट एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

इस कार्रवाई के दौरान कंपनी के अधिकारियों ने पुलिस को नकली उत्पाद



की पहचान कराई, जिसके बाद पुलिस ने दुकान से लिवाइस ब्रांड लगे 189 जींस पैंट, 68 नटी-शर्ट, 160 ट्रैक पेंट बरामद किया, जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने कपड़ों को जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई में कोतवाली थाने के हेड कांस्टेबल निर्मल सिंह, आरक्षक गोकुल जांगड़े, प्रेम सूर्यवंशी, नुरुल कादिर, अजय शर्मा सहित अन्य शामिल थे।

### कंपनी ही नहीं ग्राहकों को भी लगाया चूना

कंपनी के अधिकारियों ने पुलिस को बताया कि ब्रांडेड कंपनी के नाम से डुप्लीकेट कपड़ों की बिक्री कर कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया है। यही नहीं इस तरह से लोगों को झांसे में लेकर कंपनी के नाम से ग्राहकों के साथ भी धोखा किया जा रहा था। ग्राहक दुकान से ब्रांडेड कंपनी का सामान होने का भरोसा करके खरीद रहे थे। लेकिन, उन्हें ब्रांड के नाम से डुप्लीकेट और लोकल कपड़े देकर कंपनी का नाम खराब किया जा रहा था।

### शहर में राशन से लेकर कपड़े तक बिक रहे नकली

शहर में इन दिनों नकली सामान बेचने की होड़ सी मची हुई है। डिटरजेंट से लेकर कपड़े और इलेक्ट्रानिक सामानों के साथ ही अब खाने-पीने के सामान भी नकली बिकने लगे हैं। ब्रांडेड और नामचीन कंपनियों के नाम से डुप्लीकेट और लोकल सामान बेधड़क बेचे जा रहे हैं। नकली सामानों का कारोबार अब शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र तक फैल चुका है। फिर भी जिले के फूड विभाग के अफसर इसे लेकर गंभीर दिखाई नहीं दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह पूरा अवैध कारोबार उनकी मिलीभगत से चल रहा है।


**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)**

**e-Procurement Tender Notice**

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, **C.G. P.W.D** For Form "A" (Percentage Rate Tender) **in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-**

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract | Lasr dew date |
|---|---|---|---|
| 23/SE E/M/2023-24 (II Call) System Tender No139808 Registered contractor class in "D" & above | SUPPLY AND INSTALLATION OF 500 KVA (11KV/0.433KV) TRANSFORMER AT DURG UNIVERSITY POTIA DURG (C.G.) | Rs 27.92 Lacs | 12.07.2023 |
| 15/SE E/M/2023-24 (II Call) System Tender No 139802 Registered contractor class in C" & above | HT & LT LINE SHIFTING IN DIFFERENT PLACES UNDER ONGOING & PROPOSED WORK IN PWD E&M SUB DN. BALODA BAZAR CG | Rs 196.00 Lacs | 12.07.2023 |

Note:- The tender documents can be downloaded from the web-portal **http://eproc.cgstate.gov.in.** Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

जी-02799/7

Superintending Engineer
P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 में सफल अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन राशि

**दुर्ग।** शासन द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हेतु प्रोत्साहन योजना (यथा संशोधित) वर्ष 2010 के अंतर्गत प्रदेश के अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर राशि एक लाख रूपए प्रोत्साहन राशि दिए जाने प्रावधान अंतर्गत पात्र अभ्यर्थियों से 11 जुलाई 2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गये है। पात्रता शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप आदिमजाति कल्याण विभाग की वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त से मिली जानकारी अनुसार इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आयुक्त, आदिम जाति तथा अनु. जाति विकास, ब्लाक डी, भूतल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) में निर्धारित तिथि 11 जुलाई 2023 तक जमा कर पावती प्राप्त कर सकते है।

### खेलो इंडिया : ट्रायल 30 जून व 01 जूलाई को बिलासपुर में

**दुर्ग।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित चयन ट्रायल में 12 से 17 वर्ष के बालक एवं बालिका खिलाड़ी उपस्थित हो सकते है। खेलों इंडिया स्टेट सेंटर में हॉकी प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक खिलाडी 30 जून 2023 को प्रात: 8.00 बजे तक स्थान स्व.बी.आर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई जिला बिलासपुर में ट्रायल हेतु सहायक संचालक खेल के अनुसार इच्छुक खिलाड़ियों को जन्म प्रमाण-पत्र, अंकसूची 10 वीं कक्षा, निवास प्रमाण-पत्र, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करे संबंधी प्रमाण-पत्र, विगत बोर्ड परीक्षा की अंकसूची, आधारकार्ड साथ लाना होगा।

### राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार 2023 के लिए नामांकन 15 अक्टूबर तक

**दुर्ग।** भारतीय बाल कल्याण परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक वर्ष बच्चों को बहादुरी के अनुकरणीय कार्यो के लिए राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार प्रदान की जाती है। जिले के ऐसे बालक/बालिका जिनके द्वारा अपनी जान की परवाह किये बैगर दूसरे की जान बचाने हेतु किये गये बहादुरी के अनुकरणीय कार्य से संबंधित जिलास्तर से नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किए गए है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विपिन जैन से मिली जानकारी के अनुसार 15 अक्टूबर 2023 के पूर्व भारतीय बाल कल्याण परिषद्, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद्, रायपुर को प्रेषित किया जाना है। राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार 2023 हेतु पात्रताधारी बालक/बालिका शौर्य कार्य (एन एक्ट ऑफ ब्रेवरी) एवं आवश्यक अभिलेखों व दस्तावेजों के साथ 15 अक्टूबर 2023 तक आवेदन कर सकते हैं।

### उपचुनाव वार्ड 42 मतगणना की तैयारियों को लेकर अधिकारियों प्रशिक्षण


**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 42 कसारीडीह क्षेत्र में उपचुनाव मतगणना की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए मतगणना दल को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।हिंदी भवन के सामने ( जेआरडी स्कूल ) में सुबह 9 बजे से मतगणना प्रक्रिया शुरू होगी। नगर निगम के डाटा सेंटर में मास्टर ट्रेनर द्वारा आज अधिकारियों के साथ मतगणना दल को प्रशिक्षण दिया गया। ट्रेनर द्वारा सभी निर्वाचन अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया में निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित बनाने के बाद मतगणना केंद्र में निर्धारित व्यवस्था भी तय सीमा के भीतर सुनिश्चित बनाई गई।- नोडल अधिकारी मोहेंद्र साहू,मास्टर ट्रेनर के द्वारा गठित मतगणना दल कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा विस्तार से बताया।

# अवैध प्लाटिंग के निराकरण में लेट लटीफी पर कलेक्टर ने लगाई फटकार

## पहले चरण में हरियर भिलाई के तहत निगम लगाएगा 10 हजार पौधे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में राजस्व एवं नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, भिलाई नगर निगम आयुक्त रोहित व्यास, दुर्ग नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर व रिसाली नगर निगम आयुक्त आशीष देवांगन के साथ एसडीएम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर मीणा ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर जमीन से जुड़े सभी अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली, नक्शा बटांकन, डायवर्सन की गहन समीक्षा की।**



इस दौरान उन्होंने विभागीय प्रकरणों के निराकरण में लेटलतीफी करने वाले वाले अधिकारियों को फटकार लगाई और सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन सर्वोच्च प्राथमिकता से करने को कहा। कलेक्टर मीणा ने अवैध प्लाटिंग के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के संबंध में निजी सोर्स से जानकारी प्राप्त होती है। समय पर जानकारी प्राप्त नही होने के कारण कार्यवाही नही हो पाती है। उन्होंने कहा कि पटवारियों के हड़ताल पर होने के कारण राजस्व से संबंधित प्रकरण लंबित हो गए हैं, जिसको दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त राजस्व निरीक्षक लगाकर सीमांकन प्रकरणों के लंबित प्रकरणों का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराने को कहा।

### रोड मरम्मत का कार्य पूर्ण करें

कलेक्टर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूर्ण हो चुके आवासों की जानकारी ली। नगर पालिक निगम आयुक्त ने बताया कि दुर्ग जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 543 आवास प्रगतिरत है। अमृत मिशन योजना के अंतर्गत पेयजल प्रदाय की स्थिति एवं नल कनेक्शन की जानकारी ली। नगरीय निकाय क्षेत्र अंतर्गत रोड मरम्मत की जानकारी लेते हुए कहा कि निकाय आयुक्त अपने क्षेत्रों में स्वयं जाकर निरीक्षण करें और रोड मरम्मत का कार्य पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में छोटे बड़े गड्डों में पानी भरा रहता है, पानी भरे होने के कारण आमजनता दुर्घटना के शिकार होते जा रहे हैं।

### वृक्षारोपण का कार्य जुलाई माह तक पूर्ण करें

नगरीय निकाय में वृक्षारोपण हेतु ट्री गार्ड एवं पौधे की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए कहा कि शहर को ग्रीन सीटी बनाने के लिए सभी मुख्य मार्ग, शासकीय बिल्डिंग, मार्केट, कॉलोनियों एवं घर-घर में सभी खाली जगहों में पौधे लगाए और लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने जगह के हिसाब से कनेर, बोगनविलिया के छोटे, फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाते हुए वृक्षारोपण के कार्य को जुलाई माह तक पूर्ण करने को कहा। उन्होंने एनएच के माध्यम से सड़क किनारे पौधा रोपण करने के पश्चात ट्री गार्ड लगाया जाए।

### सी-मार्ट जल्द से जल्द प्रारंभ करें

कलेक्टर ने सी-मार्ट की जानकारी लेते हुए सभी नगरीय निकायों में सी-मार्ट को जल्द से जल्द प्रारंभ करने को कहा, ताकि अधिक से अधिक स्व सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार प्राप्त हो सके। सी-मार्ट प्रारंभ होने के पश्चात कितना डिमांड आया है और कितना सेल हुआ की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सी-मार्ट में उत्पादित उत्पाद को अधिक से अधिक क्रय विक्रय करने को कहा।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के 8 वर्ष पूर्ण, महापौर नीरज पाल ने हितग्राहियों को सौंपा भवन अनुज्ञा व नक्शा




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत जून 2015 में हुई थी और आज जून माह में 8 वर्ष बीत चुके हैं। भिलाई निगम क्षेत्र में 4003 मोर मकान मोर जमीन के तहत आवास का निर्माण हो चुका है और 596 आवास निर्माणाधीन है जो शीघ्र ही पूरे हो जाएंगे।

8 वर्ष पूर्ण होने पर महापौर नीरज पाल ने आज हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा व नक्शा देकर उनके खुद का घर बनाने का राह आसान कर दिया है और अब हितग्राही नक्शा और भवन अनुज्ञा पाकर अपना स्वयं का घर का निर्माण कर पाएंगे। उल्लेखनीय है कि 427 डीपीआर की स्वीकृति शासन से हाल ही में हुई है और इसके तहत अब मोर मकान मोर जमीन के 427 हितग्राही अपने स्वयं के जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण कर पाएंगे। हितग्राहियों को निगम ने वास्तुविद के माध्यम से भवन बनाने संबंधित दस्तावेज प्रदान कर दिया है। जिसके चलते अब हितग्राही अपना का खुद का घर अपने मुताबिक तैयार करेंगे। लोगों का सपना होता है कि उनका खुद का एक घर हो यह सपना अब हकीकत में होने जा रहा है। गौरतलब है कि निगम आयुक्त रोहित व्यास ने योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। आज जब भवन अनुज्ञा और नक्शा हितग्राहियों को प्राप्त हुआ तो उनके खुशी का ठिकाना नहीं रहा उन्होंने शासन और प्रशासन का इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। महापौर ने हितग्राहियों को उनके घर बनाने के लिए उन्हें अग्रिम बधाई दी।

### कोक ओवेन एवं कोल केमिकल विभाग के कार्मिक कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में दिनांक 28 जून 2023 को कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक के सभागार में किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित कार्मिकों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मार्च 2023 के लिए देवेन्द्र खांडे मास्टर तकनीशियन, (इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस) तथा मई 2023 के लिए अनमोल अरोन कुजूर, ओ.सीटी, (मैकेनिकल मेंटेनेंस) और भारद्वाज राणा, मास्टर आपरेटर, (सी.बी.सी. आपरेशन) को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य महाप्रबंधक (कोक ओवेन एवं कोल केमिकल विभाग) तरुण कनरार ने पुरस्कृत विजेताओं को बधाई दी व आगे भी इसी तरह कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी पुरस्कृत कार्मिकों को प्रमाण पत्र व उपहार प्रदान किया। इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक पी वी वी एस मूर्ति, महाप्रबंधक बी पासवान, महाप्रबंधक (सीओसीसीडी) नन्द कुमार, महाप्रबंधक (सीओसीसीडी) के एस ठाकुर, व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## कोक ओवन बिरादरी ने 24 कार्मिकों को दी विदाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग ने जून माह में सीओसीसीडी विभाग से सेवानिवृत होने वाले 24 कार्मिकों (गैर कार्यपालक) हेतु दिनांक 27 जून 2023 को कोक ओवन सभागार में सौजन्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सभी कार्मिकों ने अपने सेवाकाल की यादें साझा करते हुए प्रबंधन के प्रति आभार और विभाग के अधिकारियों के लिए प्रषंसा व्यक्त करते हुए कहा कि सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में काम करने का उन्हें गर्व है। इस अवसर पर चीफ मास्टर ऑपरेटर श्री राम कुमार साव ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि 1 जुलाई 2020 को उनके जन्मदिवस पर बीबीएम से स्थानांतरित होकर कोक ओवन में कार्यभार संभाला। सीओसीसीडी में उन्होंने 3 वर्ष तक कार्य किया। उन्होंने बताया कि शुरू में उन्हें डर लग रहा था कि वे यहाँ कैसे काम कर पाएंगे? लेकिन इस विभाग की कार्यशैली, सहकर्मियों का आचरण और टीम भावना से कार्य संपन्न करने के आदत के कारण यहाँ पर समय कैसे निकला, पता ही नहीं चला।




चार्जमैन कम सीनियर टेक्निषियन बी डी द्विवेदी और अन्य सेवानिवृत हो रहे कार्मिकों ने कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के कार्मिक कार्यालय की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि कार्मिक कार्यालय से हमेशा अपेक्षित सहयोग मिला और अपने पूरे कार्यकाल के दौरान उन्हें कभी कोई शिकायत नहीं रही।

चार्जमैन कम मास्टर ऑपरेटिव एस भट्टाचार्जी ने बताया कि उन्होंने कभी कार्य का तनाव नहीं लिया और मस्ती भरे माहौल में अपना कार्यकाल पूरा किया। मास्टर ऑपरेटर एन सिद्दिकी ने बताया कि उन्हें कोक ओवन के हरे भरे सुन्दर स्थान सीपीपी-2 में 32 वर्ष कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। एसपी-3 बनने के पूर्व यहाँ बहुत से पशु पक्षी भी थे, प्राकृतिक सौंदर्य देखते ही बनता था और आज भी कार्मिकों और अधिकारियों के सहयोग से हरियाली बनी हुई है।

## 19वीं राज्य टीक्कांडो जूनियर एवं कैडेट चैंपियनशिप में वैभव को मिला रजत पदक



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** 19वीं राज्य टीक्कांडो जूनियर एवं कैडेट चैंपियनशिप 2023 रायगढ़ में संपन्न हुआ। जिसमें स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यमिक शाला के बच्चो ने रायगढ़ मे होने वाली स्पर्धा जो दिनांक 26 जून से 28 जून तक हुई।

जिसमे भाग लेकर खुर्सीपार भिलाई दुर्ग के बच्चो ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करते हुए वैभव शर्मा ने वजन 89 किलोग्राम मे रायपुर जिला के प्रतिद्वंदी को हराते हुए रजत पदक हासिल किया और वही अन्य खिलाडियो ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें अशीष कुमार यादव (36 किलोग्राम),के उदय (47 किलोग्राम), प्रिंस सिंह ( 51 किलोग्राम) ने विजयी हासिल कर स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माधयिक शाला नाम गौरान्वित किया !

### हर बूथ मजबूत करने दुर्ग विधानसभा में हुआ प्रशिक्षण शिविर

## भूपेश पर है प्रदेश की जनता को भरपूर भरोसा: वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। बुधवार को दुर्ग शहरी विधानसभा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया व प्रदेश में पुन: कांग्रेस सरकार लाने का संकल्प लिया।**



विधायक वोरा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस सरकार की नीतियों की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि राज्य ने कांग्रेस सरकार आने के बाद ही वास्तविक विकास देखा है। प्रदेश की जनता को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जनकल्याणकारी नीतियों पर भरपूर भरोसा है। विकास का छत्तीसगढ़ मॉडल पूरे देश मे चर्चा का विषय है। स्वास्थ्य शिक्षा एवं रोजगार के साथ ही गरीब मजदूर एवं किसान कल्याण के अभूतपूर्व कार्य विगत साढ़े चार वर्षों में किए गए हैं। शहरी अधोसंरचना के साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था व छत्तीसगढ़ के पुरखों की परंपरा को संजोने का कार्य सरकार लगातार कर रही है। मतदाताओं का आशीर्वाद फिर से कांग्रेस को प्राप्त होगा और इस बार पहले से अधिक सीटें प्राप्त होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए सभी योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाने कहा। प्रशिक्षण शिविर में संकल्प लिया कि फिर से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनानी है कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव हेतु ट्रेनिंग दिया गया । बैठक में दुर्ग निगम महापौर धीरज बाकलीवाल , पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आरएन वर्मा , जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेंद्र साहू , मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष अल्ताफ अहमद , ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्री क्षितिज चंद्राकर, दुर्ग नगर निगम के सभापति राजेश यादव , जिला अध्यक्ष गया पटेल, पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार,युंका महासचिव संदीप वोरा,अध्यक्ष आयुष शर्मा, गौरव उमरे,एवं नगर निगम के सभी पार्षद सभी ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# दुर्ग निगम की मुहिम: घर-घर पंहुचकर बनाया जा रहा है आयुष्मान कार्ड, एक दिन में 439 लोगों का बना कार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत घर-घर पंहुच कर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इस कार्य में निगम इंजीनियरों को वार्ड नोडल और सहायक राजस्व निरीक्षकों सामुदायिक संगठक अन्य कर्मचारियों, टैक्स कलेक्टर और सुपर वाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। छुटे हुए हितग्राहियो का आयुष्मन कार्ड बनाने के लिए बुधवार को निगम के 60 वार्डो में इसके तहत निगम कर्मचारी घर - घर पहुचे और मोबाइल से लोगो का आयुष्मन कार्ड बनाया।दिन भर में 439 लोगो का आयुष्मन कार्ड बनाया गया। आयुक्त ने प्रोग्रेस को बढ़ाने को लेकर उन्हें लक्ष्य के अनुरूप प्रत्येक घरों में जाकर टारगेट पूरा करने कहा गया है। पूर्व में बनाए गए आयुष्मान कार्ड की जानकारी ली गई तथा प्रगति में इजाफा करने कहा गया। गौरतलब है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर हर घर जाकर प्रत्येक व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।आयुष्मान कार्ड बनाने के दौरान सर्वे के समय वार्ड का नाम, वार्ड क्रमांक, कितने घरों का सर्वे किया गया, कितना आयुष्मान कार्ड बनाया गया, व्यक्ति का आधार कार्ड अपडेट है कि नहीं की ये जानकारी नोडल अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।राशन कार्ड आधार कार्ड के माध्यम से यह कार्य किया जा रहा है। नगर पालिक निगम महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अपील में कहा कि हर व्यक्ति अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें और आयुष्मान भारत योजना का लाभ लें। इससे आम आदमी को इलाज कराने के लिए निजी अस्पताल में मोटी रकम खर्च नहीं करनी पड़ेगी। इसके लिए आयुष्मान कार्ड बनाने नगर निगम की टीम घर-घर दस्तक दे रही है। इसके बाद भी उम्मीद के मुताबिक आयुष्मान कार्ड नहीं बनाए जा सक रहे हैं। इसके पीछे मुख्य वजह यह है कि लोगों ने आधार लिंक नहीं करवाया है। आधार लिंक नहीं होने से आयुष्मान कार्ड बन नहीं पा रहा है। इसके अलावा अन्य दिक्कत भी आ रही है इसे अन्य सर्वे पोर्टल में दर्ज किया जा रहा है।आयुष्मान कार्ड अधिक से अधिक लोगों का बनाया जा सके, इसके लिए अब जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जा रहा है। वार्ड 1 से लेकर 10 तक के नोडल अधिकारी विकास दमाहे,वार्ड 11 से लेकर 20 तक नोडल अधिकारी पंकज साहू,वार्ड 21 से लेकर 30 तक भारती ठाकुर,वार्ड 31 से लेकर 40 तक हरिशंकर साहू,वार्ड 41 से लेकर 50 तक मोहित मरकाम के अलावा वार्ड 51 से लेकर 60 तक के नोडल अधिकारी विनोद मांझी को जिम्मेदारी मिली है।

## आयुष्मान कार्ड बनाने सहित अन्य दस्तावेजों के लिए है जरूरी, शिविर का लाभ उठाकर करवा ले आधार अपडेशन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** आधार अपडेशन के लिए नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 19 जुलाई तक आयोजित होगा। नगर पालिक निगम भिलाई की आम नागरिकों से अपील है कि जिन्होंने अब तक अपना आधार कार्ड अपडेट नहीं कराया है वह अपना आधार कार्ड शीघ्र ही अपडेट करा लें। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए भी यह अत्यंत आवश्यक है जरूरी दस्तावेजों के लिए भी आधार अपडेशन जरूरी है। 10 वर्ष पूर्व जिन्होंने अपना आधार कार्ड बनवाया है उन्हें आधार अपडेशन करवाना अत्यंत अनिवार्य है। ताकि उन्हें इस आधार पर अन्य दस्तावेजों को बनाने में सहूलियत हो और दिक्कतों का सामना न करना पड़े। गौरतलब है कि महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर भिलाई निगम के द्वारा डोर टू डोर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन आधार अपडेशन नहीं होने के कारण आयुष्मान कार्ड बनाने में दिक्कतें हो रही है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राशन कार्ड एवं आधार कार्ड होना जरूरी है। राशन कार्ड निगम के जोन कार्यालय के चॉइस सेंटर में बनाया जा सकता है। आधार अपडेशन के लिए इन वार्ड क्षेत्रों में आयोजित होगा शिविर उठाए लाभ और कराए आधार अपडेशन दिनांक 30.06.2023 को वार्ड क्रं. 04 नेहरू नगर सियान सदन, वार्ड क्रं. 16 सपेुला बाजार सामुदायिक भवन संकर पारा, वार्ड क्रं. 33 संतोषी पारा केम्प 02 स्वास्थ्य कार्यालय दुबेलिया साहू समाज के पास, वार्ड क्रं. 41 औधोगिक क्षेत्र छावनी सामुदायिक भवन, वार्ड क्रं. 60 सेक्टर 05 पश्चिम संत विजय एडोटोरिया, दिनांक 03.07.2023 को वार्ड क्रं. 05 कोसानगर सांस्कृतिक भवन, वार्ड क्रं. 19 राजीव नगर राम जानकी मंदिर वार्ड क्रं. 34 वीर शिवाजी वार्ड पार्षद कार्यालय मिलन चैंक, वार्ड क्रं. 42 गौतम नगर राज टेलर के पास शीतला मंदिर के पास भवन आदि है।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950